सूर्योदय - 06:32
सूर्यास्त - 05:39

अधिकतम तापमान 20.5°
न्यूनतम तापमान 15.2°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 96 गुरुग्राम (हरियाणा), शनिवार 7 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 08

राहुल गांधी हरियाणा में कर लें डिबेट, हमारे युवा मोर्चा अध्यक्ष से पूछ लें सवाल, मैं जगह उपलब्ध करवाऊंगा : मुख्यमंत्री नायब सैनी

कहा- आरोप लगाने के बजाय चुनाव आयोग या अदालत में जाए कांग्रेस

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी की ओर से डिबेट की चुनौती दिए जाने पर जवाब देते हुए कहा कि श्री राहुल गांधी हरियाणा में आकर डिबेट कर सकते हैं। इसके लिए प्रदेश में जगह उपलब्ध करवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे युवा मोर्चा के अध्यक्ष वहां जाएंगे, और राहुल से सवाल करेंगे। ऐसा नहीं हो सकता कि एक तरफ से केवल झूठ बोला जाए और फिर भागकर चले जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर कांग्रेस को चुनाव प्रक्रिया को लेकर कोई परेशानी है तो उसे मुख्य चुनाव आयुक्त के सामने अपनी बात रखनी चाहिए। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है और अदालतों के दरवाजे भी खुले हैं। कांग्रेस वहां जाकर अपनी बात क्यों नहीं रखती? केवल घर बैठकर और लोगों को दिखाने के लिए आरोप लगाने से कुछ नहीं होगा। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत जारी होने वाली राशि के हस्तांतरण करने के बाद हरियाणा निवास में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सरकार की योजनाओं, किसानों की फसल खरीद और कांग्रेस के आरोपों सहित विभिन्न मुद्दों पर सवालों के जवाब दिए। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण बेदी, मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास आज जनता के बीच जाने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए वह वोट चोरी के नाम पर देश को गुमराह करने और लोकतंत्र तथा चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस को यदि कहीं किसी मतदाता का नाम कटने या गलत दर्ज होने की शिकायत है, तो चुनाव आयोग ने इसके लिए पूरी प्रक्रिया निर्धारित की है। मतदाता सूची सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराई गई है और एक महीने का समय भी दिया गया था कि कोई गलती होने पर निर्धारित फॉर्म भरकर आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। इसके बावजूद कांग्रेस जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। देश की जनता सब देख रही है और अब वह इनके बहकावे में आने वाली नहीं है। वोट चोरी नहीं हुई, इनके जो कारनामे थे, ये उसी का परिणाम है। लोग तो अब ये कह रहे हैं कि काँग्रेस को तो पार्टी बंद कर देनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बुजुर्गों को छह-छह महीने तक पेंशन नहीं मिलती थी। बुजुर्गों को अपनी पेंशन के लिए परेशान होकर सरकारी दफ्तरों और नेताओं के दरवाजों के चक्कर काटने पड़ते थे। कई बार लोग उनके दरवाजों के बाहर धूप में खड़े रहते थे, लेकिन उनकी परेशानी पूछने वाला भी कोई नहीं होता था। कांग्रेस के नेता आज वोट चोरी की बात करते हैं, लेकिन उन्हें अपने शासनकाल में गरीबों, बुजुर्गों और जरूरतमंदों के साथ किए गए व्यवहार का जवाब देना चाहिए। कांग्रेस के समय गरीब व्यक्ति को 200 रुपये का लाभ पहुंचाने की बात होती थी, लेकिन उसमें से 150 रुपये कहां चले जाते थे, इसका किसी को पता नहीं चलता था और गरीब के हाथ में केवल 50 रुपये आते थे। आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब व्यक्ति को उसका पूरा हक सीधे उसके बैंक खाते में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक देश पर शासन किया। देश की जनता ने उन्हें एक नहीं, बल्कि कई पीढ़ियों तक अवसर दिया। लोगों ने सोचा कि शायद अगली पीढ़ी देश के लिए कुछ करेगी, लेकिन हालात नहीं बदले। दादा और पोते के समय में भी वही ढ़ाक के तीन पात वाली स्थिति रही। कांग्रेस के पास सत्ता में रहते हुए भी देश के विकास के लिए कोई ठोस विजन नहीं था और आज भी उसकी राजनीति केवल आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित है। कभी काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन करते हैं, कभी धरने पर बैठते हैं और अब चौपालों की याद आ रही है।

धनतेरस पर हरियाणा के लाखों लाभार्थियों को सौगात

मुख्यमंत्री ने एक क्लिक से लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की 4,470 करोड़ 77 लाख रुपये की राशि

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने धनतेरस के पावन अवसर पर प्रदेश के लाखों परिवारों को बड़ी सौगात देते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाखों लाभार्थियों और पंचायती राज संस्थाओं व नगरपालिकाओं के बैंक खातों में सीधे 4,470 करोड़ 77 लाख रुपये की राशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना की 13वीं किस्त जारी की है। इस योजना के तहत 10 लाख 59 हजार लाभार्थी बहन-बेटियों के खातों में 222 करोड़ 52 लाख रुपये की राशि डाली गई है। इसे मिलाकर अब तक 13 किस्तों में 2 हजार 689 करोड़ 15 लाख रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इस योजना का दूसरा चरण गत 17 सितंबर से शुरु हो चुका है। सरकार ने इस योजना का दायरा बढ़ाते हुए वार्षिक आय सीमा को 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार रुपये कर दिया है। आज जारी की गई राशि में ऐसी 49 हजार 290 पात्र बहन-बेटियां शामिल हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने विभिन्न 15 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 1 हजार 135 करोड़ 21 लाख रुपये की राशि सीधे 35 लाख 26 हजार 358 लाभार्थियों के बैंक खातों में डाली। इनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग भत्ता और अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए 'प्रो-एक्टिव मॉडल' को अपनाया है। इसके तहत परिवार पहचान पत्र डेटाबेस के आधार पर पात्रता स्वयं निर्धारित होती है और पात्र नागरिकों को बिना दफ्तरों के चक्कर काटे, बिना आवेदन किए घर बैठे ही भत्ते का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने 'हर घर-हर गृहिणी' योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफिल करवाने वाली 6 लाख 5 हजार बहनों के बैंक खातों में सितम्बर माह की 24 करोड़ 25 लाख रुपये की सब्सिडी भी जारी की। इस योजना में पात्र महिलाओं को हर महीने 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। आज जारी की गई राशि को मिलाकर, अब तक 14 लाख 66 हजार पात्र बहनों के बैंक खातों में कुल 404 करोड़ 46 लाख रुपये की राशि डाली जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष राज्य सरकार ने गांवों के विकास कार्यों के लिए राज्य वित्त आयोग के तहत 2 हजार 316 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसी कड़ी में आज राज्य वित्त आयोग अनुदान की पहली व दूसरी किस्त के तहत 1,158 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। यह राशि 22 जिला परिषदों, 143 पंचायत समितियों और 6 हजार 230 ग्राम पंचायतों के बैंक खातों में डाली गई है।

मधुमक्खी पालकों को बड़ी सौगात, मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में शामिल हुआ मधुमक्खी पालन; प्रति कॉलोनी व बॉक्स मिलेगा 1,250 रुपये का बीमा कवर

ओपन सर्च/ब्यूरो

- मधुमक्खी पालकों को प्रति कॉलोनी व बॉक्स देना होगा मात्र 50 रुपये प्रीमियम, 6.25 लाख रुपये तक मिलेगा बीमा क्लेम

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने और उन्हें प्राकृतिक आपदाओं एवं विभिन्न जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। डबल इंजन सरकार बीज से लेकर बाजार तक हर कदम पर किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। इसी दिशा में मधुमक्खी पालकों को बड़ी राहत देते हुए मधुमक्खी पालन को मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अब मधुमक्खी पालकों को प्रति कॉलोनी और प्रति बॉक्स मात्र 50 रुपये प्रीमियम देना होगा, जिसके एवज में उन्हें प्रति कॉलोनी व बॉक्स 1,250 रुपये का बीमा कवर मिलेगा। इस योजना के तहत मधुमक्खी पालक अधिकतम 6 लाख 25 हजार रुपये तक का बीमा क्लेम प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने और शहद उत्पादकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से 16 अगस्त, 2025 को कुरुक्षेत्र में शहद को भावांतर भरपाई योजना में शामिल करने की घोषणा की गई थी, जिसे 27 सितंबर, 2025 को लागू कर दिया गया। इस योजना के तहत शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि अपने बजट अभिभाषण 2026-27 में 7 मार्च, 2026 को मधुमक्खी पालन को मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में शामिल करने की घोषणा की थी। अब इस घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए मधुमक्खी पालन को योजना के दायरे में लाया गया है। इससे मधुमक्खी पालकों को प्राकृतिक आपदाओं एवं अन्य जोखिमों से होने वाले संभावित नुकसान के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और प्रदेश में मधुमक्खी पालन को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में बढ़ावा मिलेगा।

43 लाख मीट्रिक टन की खरीद, किसानों को 9,880 करोड़ रुपये का भुगतान

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में धान खरीद की जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा में खरीफ खरीद सीजन के दौरान गत 29 सितंबर से 278 मंडियों में धान की खरीद की जा रही है, जो 15 नवंबर तक जारी रहेगी। किसानों से कॉमन धान की खरीद 2,441 रुपये प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान की खरीद 2,461 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि 5 नवंबर तक प्रदेश की मंडियों में 48 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है, जिसमें से 43 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त, 37 लाख 20 हजार मीट्रिक टन धान का उठान भी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की फसल का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने तथा समयबद्ध तरीके से भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी का परिणाम है कि अब तक 2 लाख 88 हजार 102 किसानों के बैंक खातों में 9,880 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने धनतेरस पर लाडवा विधानसभा के 63 गांवों को 13.23 करोड़ रुपए की दी सौगात

तीन गौशालाओं को 34.53 लाख के चैक किए वितरित

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लाडवा उनके लिए केवल एक विधानसभा क्षेत्र नहीं, बल्कि उनका अपना घर और परिवार है। लाडवा के लोगों ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे उन्होंने हमेशा अपना सौभाग्य माना है। क्षेत्रवासियों का आशीर्वाद उनकी ताकत है और लाडवा की तरक्की उनकी जिम्मेदारी है। उनका संकल्प है कि लाडवा के विकास की रफ्तार कभी थमने नहीं देंगे।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को लाडवा में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी भी उपस्थित रही। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दीपोत्सव का पर्व हमें पांच अलग-अलग संदेश देता है। धनतेरस आरोग्य और धन-धान्य का प्रतीक है, दीपावली अंधकार पर प्रकाश और निराशा पर आशा की विजय का पर्व है, गोवर्धन पूजा प्रकृति, पशुधन और अन्नदाता के प्रति कृतज्ञता का संदेश देती है, जबकि भाई दूज रिश्तों में मिठास और प्रेम बढ़ाने का पर्व है। उन्होंने कहा कि त्योहारों की असली खुशियां तभी सार्थक होती हैं, जब समाज के हर वर्ग के चेहरे पर मुस्कान हो और हर परिवार में खुशहाली आए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने धनतेरस के पावन अवसर पर प्रदेश के लाखों परिवारों को बड़ी सौगात देते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाखों लाभार्थियों और पंचायती राज संस्थाओं व नगरपालिकाओं के बैंक खातों में सीधे 4,470 करोड़ 77 लाख रुपये की राशि हस्तांतरित की है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री कृष्ण गौशाला समिति लाडवा को लगभग 7.34 लाख, अखंड गौशाला मथाना को लगभग 7.63 लाख रुपए और मथाना गोवंश धाम एवं अनुसंधान संस्थान लगभग 19.56 लाख रुपए का चेक वितरित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडवा के लोगों ने हमेशा प्रेम, भाईचारे और अपने पन की भावना से एक-दूसरे का साथ दिया है। धन-दौलत तिजोरी में रहती है, लेकिन असली पूंजी इंसान के दिलों में बसती है। हमें त्योहारों पर उन लोगों की खुशियों का भी ध्यान रखना चाहिए, जो किसी परेशानी से गुजर रहे हैं। । उन्होंने कहा कि दीपावली भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने की स्मृति का पर्व है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि नेतृत्व अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य, त्याग और जनसेवा का नाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का सपना साकार हुआ है। जिस प्रकार भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन पर दीप जलाकर खुशियां मनाई गई थीं, उसी प्रकार आज पूरा देश गौरव और श्रद्धा के साथ दीपोत्सव मना रहा है। उन्होंने सभी से भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में मर्यादा, करुणा और सद्भाव का प्रकाश फैलाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण चौकीदारों को दिया दिवाली का तोहफा, मासिक मानदेय बढ़ाकर किया 15,221 रुपए

मुख्यमंत्री ने पंचकूला में राज्यस्तरीय ग्रामीण चौकीदार सम्मान समारोह में की अनेक बड़ी घोषणाएं

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने धनतेरस और दीपावली के अवसर पर प्रदेश के ग्रामीण चौकीदारों को तोहफा देते हुए उनके मासिक मानदेय को 11 हजार से बढ़ाकर 15 हजार 221 रुपये करने की घोषणा की। इससे प्रत्येक चौकीदार को हर महीने 4 हजार 221 रुपये अधिक मिलेंगे जिससे प्रतिवर्ष उसे 50 हजार रुपये से भी अधिक का फायदा होगा। वर्ष 2014 में ग्रामीण चौकीदारों का मानदेय केवल 3,500 रुपये मासिक था जो आज बढ़कर 4 गुणा से भी अधिक हो गया है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी आज पंचकूला में राज्यस्तरीय ग्रामीण चौकीदार सम्मान समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार, विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्ढा, हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यौरा के अध्यक्ष श्री मोहन लाल बडौली, विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विजयेंद्र कुमार, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव श्री यशपाल और विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक श्री सुशील सारवान भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को धनतेरस और दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्रामीण चौकीदारों के लिए कई और बडी घोषणाएं की जिसमें वार्षिक वर्दी भत्ता 4 हजार रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये, लाठी, बैटरी, सीटी और छाते का वार्षिक भत्ता 1,000 रुपये से बढ़ाकर 1,500 रुपये, साइकिल भत्ता 3 हजार 500 रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये शामिल हैं।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उन्होने अधिकारियों को इन फैसलों की अधिसूचना को जल्द से जल्द जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि बढ़ा हुआ मानदेय हर महीने की 7 तारीख से पहले उनके बैंक खातों में पहुंचे, हर चौकीदार का ईएसआई और श्रम कल्याण कोष में पंजीकरण जल्द से जल्द हो और जिला तथा खंड स्तर के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से इसकी निगरानी करें। किसी भी चैकीदार को अपने हक के लिए दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

अब हर चौकीदार हरियाणा श्रम कल्याण कोष के दायरे में भी आएगा



मुख्यमंत्री ने ग्रामीण चौकीदारों के हित में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए घोषणा की कि हरियाणा के इतिहास में पहली बार अब जल-कर्मियों और सफाई-कर्मियों की तर्ज पर ग्रामीण चौकीदारों को ईएसआई यानी कर्मचारी राज्य बीमा का लाभ मिलेगा। इससे बीमारी के समय उन्हें और उनके परिवारों को इलाज की सुविधा मिलेगी। दुर्घटना या दिव्यांगता की स्थिति में भी सहारा मिलेगा। उन्होने कहा कि इसके साथ ही, अब हर चौकीदार हरियाणा श्रम कल्याण कोष के दायरे में भी आएगा। इससे वह बेटे या बेटी की पढ़ाई अथवा शादी या परिवार की मदद की जरूरत में सरकार की योजनाओं के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी लाभ आज से ही लागू होंगे। उन्होने कहा कि इन फैसलों से राज्य सरकार पर हर साल लगभग 27 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा लेकिन गांवों की सुरक्षा करने वालों पर किया गया यह खर्च सही मायने में प्रदेश के गांवों और हर घर की सुरक्षा में किया गया निवेश है।

नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित दवाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्ध : आरती सिंह राव

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि प्रदेश में नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित दवाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) विभाग को नकली दवा बेचने तथा बनाने वालों के ख़िलाफ़ स कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) विभाग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों पर की गई कार्रवाई के दौरान 1 अप्रैल 2026 से 30 सितंबर 2026 की अवधि के दौरान ड्रग विंग द्वारा गहन निरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसके तहत कुल 13,590 बिक्री इकाइयों तथा 423 निर्माण इकाइयों की जांच की गई। नियमों में ढिलाई और अनियमितताएं पाए जाने पर सख्त कदम उठाते हुए 966 ड्रग सेल लाइसेंस, 12 मैन्युफैक्चरिंग/ब्लड सेंटर लाइसेंस निलंबित किए गए, जबकि 15 लाइसेंसों को पूरी तरह रद्द और 5 को आंशिक रूप से रद्द किया गया। उन्होंने बताया कि गुणवत्ता नियंत्रण को मजबूत करने के लिए इस अवधि में 2,389 सैंपल एकत्र किए गए, जिनमें से 2,189 सैंपल की जांच पूरी हो चुकी है और इनमें 11 सब-स्टैंडर्ड पाए गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि विभाग द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसते हुए 64 मामलों में अभियोजन दर्ज कराया गया, जबकि अदालत में विचाराधीन 15 मामलों का निपटारा हुआ, जिनमें 8 में सजा और 7 में बरी का फैसला आया। फिलहाल 462 मामले अदालत में लंबित हैं। इसके अतिरिक्त, पुलिस और एफडीए अधिकारियों की संयुक्त कार्रवाई के तहत 376 संयुक्त छापेमारी) की गई, जिसमें एनडीपीएस अधिनियम (NDPS Act) के तहत 2 और एमटीपी अधिनियम (MTP Act) के तहत 4 प्राथमिकी (FIR) दर्ज की गईं। प्रवक्ता ने यह भी बताया कि एफडीए की टीम ने अप्रैल 2026 में लगभग 70 लाख रुपये मूल्य के नकली वजन घटाने और मधुमेह नियंत्रण के टीकों (नकली 'मौनजारो' इंजेक्शन) को जब्त किया गया। वहीं जुलाई 2026 में एफडीए गुरुग्राम की टीम ने बीपी की नकली दवा 'टेल्मा-एएम' बनाने और बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया। इसी कड़ी में 28 जुलाई 2026 को एफडीए फरीदाबाद की टीम ने एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए नकली प्रोपलीन ग्लाइकोल की बड़ी खेप जब्त की। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य मानकों को बढ़ावा देने के लिए 2,675 रिटेल/होलसेल सेल लाइसेंस और 20 मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस जारी किए गए, 14 चिकित्सा संस्थानों को मान्यता दी गई तथा 2 निर्माण इकाइयों को WHO-GMP स्तर में अपग्रेड किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया है कि राज्य सरकार नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पूरी तरह जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

हिन्दी दैनिक ओपन सर्च

गुरुग्राम सर्च

गुरुग्राम (हरियाणा), शनिवार, 7 नवंबर 2026
www.opensearch.co.in

ट्रांसपोर्ट की सील बंद गाड़ी से 32 आईफोन चोरी, चालक समेत दो गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। फर्रूखनगर थाना क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट की सील बंद गाड़ी से करीब 45 लाख रुपये कीमत के 32 आईफोन चोरी करने के मामले में क्राइम ब्रांच फर्रूखनगर ने चालक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सभी 32 आईफोन, वारदात में इस्तेमाल कैंटर और प्लास बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 29 अक्टूबर को श्रीजी फ्रेट कैरियर की ओर से रिलायंस रिटेल लिमिटेड, फर्रूखनगर से 206 कार्टून सामान सील बंद गाड़ी में चौड़वार, कटक (ओडिशा) भेजा गया था। गाड़ी चालक अमित पांडे चला रहा था। गंतव्य पर पहुंचने के बाद गाड़ी की सील सही मिली, लेकिन सामान की जांच के दौरान 32 कार्टून से मोबाइल फोन गायब मिले। आरोपियों ने मोबाइल के खाली बॉक्स और कवर कार्टून में ही छोड़ दिए थे। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। क्राइम ब्रांच ने आरोपी चालक अमित पांडे (30) निवासी डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद को 2 नवंबर को पाली, फरीदाबाद से गिरफ्तार किया। इसके बाद दूसरे आरोपी कार्तिकेय श्रीवास्तव उर्फ कार्तिक (32) निवासी सत्य नगर, रायबरेली को 5 नवंबर को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने ट्रांसपोर्ट के दौरान सील बंद गाड़ी से मोबाइल चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस के अनुसार, चोरी का पता न चले, इसलिए मोबाइल के खाली बॉक्स और कवर कार्टून में ही छोड़ दिए गए थे। अमित पांडे को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।



13 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म मामले में चार दोषी, तीन को 20-20 साल की सजा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के चार साल पुराने मामले में गुरुग्राम की अदालत ने चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अदालत ने तीन दोषियों को 20-20 वर्ष और एक दोषी को पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी है। इसके साथ ही दोषियों पर कुल 1.10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। गुरुग्राम पुलिस की प्रभावी पैरवी, ठोस साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने यह फैसला सुनाया। पुलिस के अनुसार, 17 नवंबर 2021 को नाहरपुर में एक कमरे में 13 वर्षीय बच्ची के साथ चार युवकों ने दुष्कर्म किया था। बच्ची की मां की शिकायत पर 18 नवंबर को महिला थाना मानेसर में पोक्सो एक्ट और आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान अन्य धाराएं भी जोड़ी गई थीं। पुलिस ने मामले में पवन, आदेश, अतुल निवासी कुंजपुरा, फिरोजाबाद और अनमोल निवासी नंगला लेखराज, फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया था। जांच पूरी करने के बाद पुलिस ने सभी जरूरी साक्ष्य और गवाह जुटाकर अदालत में चालान पेश किया। 5 नवंबर 2026 को एडिशनल सेशन जज डॉ. सुनीता ग्रोवर की अदालत ने चारों आरोपियों को दोषी करार दिया। पवन और अतुल को पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20-20 वर्ष के कठोर कारावास और 30-30 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी गई। आदेश को भी 20 वर्ष का कठोर कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। वहीं अनमोल को आईपीसी की धारा 365/34 के तहत पांच वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई।

गुरुग्राम में विशेष टीमों ने भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद, 24 घंटे में 36 केस दर्ज, 23 आरोपी काबू

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। दीपावली के मद्देनजर अवैध पटाखों की बिक्री, भंडारण और वितरण के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 5 नवंबर को एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत एक ही दिन में 36 केस दर्ज कर 23 आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच में शामिल किया। कार्रवाई के दौरान बिना लाइसेंस और परमिट बिक्री के लिए रखे गए विभिन्न प्रकार के ज्वलनशील एवं विस्फोटक पटाखे भी बरामद किए गए। अवैध पटाखों पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने थाना, एसीपी और डीसीपी स्तर पर 53 विशेष टीमों का गठन किया है। इसके अलावा क्राइम ब्रांच की टीमें भी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार चेकिंग कर रही हैं। पुलिस की टीमें बाजारों, पटाखों की दुकानों, गोदामों और अन्य संभावित स्थानों पर निगरानी रख रही हैं। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई के दौरान पूर्व जोन में 10 केस दर्ज कर नौ आरोपियों को, दक्षिण जोन में पांच केस दर्ज कर दो आरोपियों को, पश्चिम जोन में नौ केस दर्ज कर नौ आरोपियों को तथा मानेसर जोन में 12 केस दर्ज कर तीन आरोपियों को काबू किया गया। आरोपियों के कब्जे से फ्लावर पॉट, स्पार्कलर्स, कलर पटाखे, चक्कर, रॉकेट, बिजली क्रैकर्स और सुतली बम समेत विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद किए गए हैं।

बाइक से डिलीवरी का सामान चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सुशांत लोक थाना क्षेत्र में बाइक से डिलीवरी के लिए रखा सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान शुभम और सतीश, दोनों निवासी झाड़सा, गुरुग्राम के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया विमल, इलायची और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 4 नवंबर की रात कन्हई कॉलोनी में बाइक पर डिलीवरी के लिए रखा सामान आरोपियों ने चोरी कर लिया था। इस संबंध में पीड़ित ने 5 नवंबर को सुशांत लोक थाने में शिकायत दी, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 5 नवंबर को सेक्टर-44 से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया। मामले में पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई की जा रही है और जांच जारी है।

कारौला हत्याकांड में 11वां आरोपी गिरफ्तार, वारदात में इस्तेमाल थार बरामद

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। फर्रूखनगर थाना क्षेत्र के गांव कारौला में रंजिश के चलते हुई सागर की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच फर्रूखनगर ने 11वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 20 वर्षीय राहुल सेहरावत निवासी गांव भैंसरु, रोहतक, हाल निवासी प्रगति नगर, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई थार गाड़ी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 6 अगस्त को कारौला गांव में मारपीट और गोली चलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल में सागर को मृत घोषित कर दिया गया। उसके भाई ने शिकायत में बताया था कि 3 अगस्त को उसकी सचेत उर्फ मुन्ना से कहासुनी हुई थी। इसके बाद रंजिश के चलते आरोपी पक्ष ने उनके परिवार से मारपीट की। 6 अगस्त को सागर बेंगलुरु से पटौदी बस स्टैंड पहुंचा था। उसका भाई उसे लेकर घर जा रहा था। आरोप है कि कार सवार आरोपियों ने उनका पीछा किया और घर में घुसकर दोनों भाइयों से मारपीट की। इसी दौरान आरोपियों ने गोली चला दी, जो सागर को लगी और उसकी मौत हो गई। मामले में क्राइम ब्रांच ने पहले नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद राहुल की गिरफ्तारी के साथ अब तक 11 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। राहुल को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पर सोनीपत में जान से मारने की धमकी समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है। मामले में आगे की जांच जारी है।

15 नवंबर से जनता कर सकेगी शहीद स्मारक का दीदार, पहले एक महीने तक प्रतिदिन 500 लोगों को मिलेगा निशुल्क प्रवेश : अनिल

शहीद स्मारक देखने के लिए ऑनलाइन और मौके पर होगी टिकट बुकिंग, निशुल्क प्रवेश के लिए भी करानी होगी बुकिंग : अनिल विज

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि आजादी की पहली लडाई का शहीद स्मारक का उदघाटन देश के केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा 5 नंवबर, 2026 को कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी 15 नवंबर, 2026 से इस स्मारक को आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा और एक महीना तक यह स्मारक प्रतिदिन 500 लोगों को निशुल्क दिखाया जाएगा। श्री विज आज यहां मीडिया बाईट में यह जानकारी दे रहे थे।

श्री विज ने बताया कि इस स्मारक में आने के लिए आम जनता को प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक इसकी टिकटें बुक करानी होगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के आदेश से एक महीना ये निशुल्क/मुफत दिखाया जाएगा और एक महीना तक प्रतिदिन केवल 500 लोगों को ही दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि निशुल्क/मुफत देखने वालों को भी अपनी टिकट बुक करनी होगी। उसके लिए ambalawarmemorial.com पर जाकर ऑनलाइन अपनी टिकट को बुक कर सकते हैं। इसके अलावा, मेमोरियल में भी टिकट देने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि आजादी की पहली लडाई कांग्रेस के जन्म से 28 वर्ष पहले अंबाला छावनी में 10 मई, 1857 से शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि मेरठ से 9 घंटे यह लडाई शुरू थी और यह लडाई सशस्त्र हुई थी तथा ये लडाई सारे देश में लडी गई थी। लेकिन जिन शहीदों को पेडों से बांध-बांधकर गोलियां मार दी गई और जिन पर कोल्हू चलवाए गए गांव के गांव अंग्रेजों द्वारा जला दिए गए थे। श्री विज ने बताया कि ऐसे उन हजारों शहीद, जिनको कभी इतिहास में जो स्थान मिलना चाहिए था, वो नहीं मिला। उन शहीदों को स्थान दिलाने के लिए अंबाला छावनी में शहीद स्मारक का निर्माण किया गया है जिसका उदघाटन हमारे देश के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 5 नवंबर, 2026 को कर दिया है।



हरियाणा में प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए समन्वित कार्य योजना जल्द

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी कहा- कम से कम पांच फसलों की करें पहचान

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार प्रदेश में जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर खासी संजीदा है। मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने अधिकारियों को प्राकृतिक खेती के लिए उपयुक्त कम से कम पांच फसलों की पहचान कर उनके उत्पादन, प्रोत्साहन एवं विपणन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस पहल के तहत हल्दी, लाल मिर्च और अदरक जैसी फसलों की संभावनाओं पर भी विचार किया जा सकता है। श्री रस्तोगी प्रदेश में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा इसके तहत उत्पादित कृषि उपज के प्रमाणन, खरीद और विपणन के लिए समन्वित व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से आज यहां एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कार्ययोजना में उपयुक्त कृषि क्षेत्रों, उत्पादन लक्ष्य, किसानों की भागीदारी, प्रमाणन संबंधी आवश्यकताओं तथा विपणन व्यवस्था को स्पष्ट रूप से शामिल किया जाए। बैठक में प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने वाले किसानों को विश्वसनीय खरीद व्यवस्था और संगठित विपणन प्रणाली से जोड़ने के साथ-साथ कृषि उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, उनकी पहचान एवं पता लगाने की व्यवस्था विकसित करने और किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने पर विस्तार से चर्चा की गई।



मुख्य सचिव श्री रस्तोगी ने कृषि और बागवानी विभागों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने वाले किसानों तथा किसान समूहों का जिला और फसलवार प्रमाणित डाटा तैयार करने के निर्देश भी दिए। इस डाटा में खेती का क्षेत्रफल, प्रमाणन की स्थिति, अनुमानित उत्पादन और बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध संभावित उपज का विवरण शामिल होगा। इससे उपयुक्त फसलों और उत्पादन क्लस्टरों की पहचान करने में मदद मिलेगी। बैठक में हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन प्रसंघ (हैफेड) के प्रबंध निदेशक श्री चंद्रशेखर खरे ने किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने तथा प्रमाणित प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों के प्रति उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाने के लिए प्रभावी विपणन चैनल विकसित करने में हैफेड की भूमिका पर प्रकाश डाला।

बैठक में प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों के प्रमाणन की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। इसमें हरियाणा राज्य बीज प्रमाणीकरण एजेंसी तथा अन्य मान्यता प्राप्त प्रमाणन संस्थाओं की भूमिका पर विचार किया गया। साथ ही, खेत से लेकर अंतिम उत्पाद तक उपज की गुणवत्ता, जांच, सत्यापन और ट्रेसबिलिटी सुनिश्चित करने के लिए पारदर्शी व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया गया। मुख्य सचिव ने किसानों को इस पहल से जोड़ने, उनके प्रशिक्षण, पंजीकरण एवं प्रमाणन तथा किसानों और उनकी उपज का विश्वसनीय रिकॉर्ड तैयार करने के निर्देश भी दिए। इस कार्य में राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र, पीजीएस-इंडिया के संबंधित प्रतिनिधियों तथा अन्य मान्यता प्राप्त प्रमाणन संस्थाओं से तकनीकी मार्गदर्शन लेने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। बैठक में सहकारिता विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज यादव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती अमनीत पी. कुमार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के निदेशक श्री अमित खत्री सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला के सभी सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट 'एक दीप विद्यालय के नाम" कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा

शनिवार शाम 5 बजे होगा कार्यक्रम

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। दीपावली पर हर घर में दीप जलेंगे, आंगन रोशन होंगे और खुशियां बांटी जाएंगी, लेकिन इस बार सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी अपने त्योहार की खुशियों में एक और जगह को शामिल करेंगे। बच्चे उस विद्यालय के नाम भी एक दीप जलाएंगे, जहां वे रोजाना पढ़ने आते हैं और अपने भविष्य के सपने संजोते हैं। दीपावली के अवसर पर गुरुग्राम के सरकारी स्कूलों में शनिवार शाम पांच बजे 'एक दीप विद्यालय के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से बच्चों को अपने स्कूल के प्रति सम्मान और अपनापन जताने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अक्सर दीपावली पर घरों को सजाने और रोशन करने की तैयारियां होती हैं, लेकिन बच्चों के जीवन में विद्यालय की भी अहम भूमिका होती है। इसी भाव को ध्यान में रखते हुए विभाग की ओर से यह पहल की गई है। इसके तहत प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को अपने स्कूल के नाम एक दीप जलाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। गुरुग्राम जिले के सरकारी स्कूलों में भी इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों, जिला परियोजना समन्वयकों और खंड शिक्षा अधिकारियों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विद्यालय मुखियाओं को परिसर में दीप जलाने के लिए सुरक्षित स्थान निर्धारित करने की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही विद्यार्थियों को कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताने और अभिभावकों को भी इससे जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।



दृष्टिबाधित स्टूडेंट तैयार कर रहे आकर्षक मोमबत्तियां व हस्तनिर्मित केन बैग

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। आंखों की रोशनी भले ही दुनिया के रंग देखने में साथ नहीं देती, लेकिन हुनर और आत्मविश्वास के दम पर दृष्टिबाधित युवा अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। शहर के जनता रिहैबिलिटेशन ट्रेनिंग सेंटर (जेआरटीसी) के दृष्टिबाधित स्टूडेंट अपनी मेहनत और रचनात्मकता से आकर्षक मोमबत्तियां और हस्तनिर्मित केन बैग तैयार कर रहे हैं। उनके बनाए उत्पादों को शहर के विभिन्न बाजारों के साथ कॉरपोरेट संस्थानों और क्लबों के आयोजनों में भी जगह मिल रही है। यहां लगने वाले स्टॉल पर लोग उनके हुनर की सराहना करने के साथ उत्पादों को खरीदकर उनका उत्साह बढ़ा रहे हैं। संस्थान की ओर से विद्यार्थियों को मोमबत्ती बनाने और केन बैग तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके तहत वे अलग-अलग डिजाइन, आकार और खुशबू वाली मोमबत्तियां तैयार करते हैं। वहीं, हस्तनिर्मित केन बैग भी उनकी रचनात्मकता का उदाहरण बन रहे हैं। संस्थान के सहयोग से इन उत्पादों को लोगों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न आयोजनों में स्टॉल लगाए जा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों को अपने हुनर का प्रदर्शन करने और समाज से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। सेंटर के संयुक्त सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि संस्थान में 16 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार का तकनीकी प्रशिक्षण निशुल्क दिया जाता है। मोमबत्ती और केन बैग बनाने का प्रशिक्षण भी इसी पहल का हिस्सा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐसा हुनर देना है, जिसके माध्यम से वे भविष्य में अपने पैरों पर खड़े हो सकें और आत्मसम्मान के साथ जीवन जी सकें।



गुरुग्राम में धनतेरस में जमकर हुई खरीदारी, जिला में 1200 करोड़ के कारोबार का अनुमान

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम में धनतेरस के अवसर पर शुक्रवार को बाजारों में जमकर खरीदारी हुई। 20 से 25 प्रतिशत बाजार में ग्रोथ के साथ बंपर कारोबार का अनुमान है। हालांकि दूसरे साल सोने-चांदी के भाव में तेजी के बावजूद भी खरीदारी हुई। वहीं कार व टू-व्हीलर की भी खूब बिक्री हुई। इसके अलावा गुरुग्राम के सदर बाजार से लेकर कस्बों के बाजारों में भी बर्तनों व इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान की खरीद भी लोगों ने की। धनतेरस पर दोपहर 12 बजे से ही नई गाड़ियां सड़कों पर उतरने लगी, जो देर शाम तक जारी रही। हालांकि नई गाड़ियों की बुकिंग काफी समय पहले ही ग्राहकों ने कर रखी थी, लेकिन धनतेरस पर डिलीवरी ली गई। धनतेरस के दिन नए बर्तन, सोना-चांदी के आभूषण खरीदना शुभ माना जाता है। गुरुग्राम में धनतेरस पर सर्राफा बाजार में 200 करोड़ रुपए का व्यापार अनुमान है। इसके अलावा वाहनों की खरीद पर करीब 500 करोड़ रुपए का कारोबार व बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, उपहार व अन्य सजावटी सामान का 500 करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। हालांकि गिफ्ट गैलरियों में भी सुबह से लेकर शाम तक भीड़ लगी रही और लोगों ने खूब खरीदारी की। वहीं सर्राफा कारोबारियों का कहना है कि इस बार चांदी व सोने के भाव में तेजी होने के कारण सिक्के की खरीद हुई है।



गुरुग्राम में कारों के 100 जबकि टू-व्हीलर के 150 शोरूम

गुरुग्राम में ऑडी, मर्सडीज, टाटा, मारुति, किया समेत 30 से अधिक लग्जरी कार कंपनियों के शोरूम हैं। जबकि कार व टू-व्हीलर के शोरूम की संख्या 150 से अधिक है। सभी शोरूम पर सुबह 9 बजे से देर रात तक खरीदारों की भीड़-भाड़ रही। सबसे अधिक करीब तीन हजार से अधिक बाइक व दो हजार से अधिक इलेक्ट्रिक व पेट्रोल वाले स्कूटर्स की बिक्री हुई है।

दोस्त का इंतजार कर रहे युवक से बाइक सवार बदमाशों ने नुकीली चीज से हमला कर मोबाइल लूटा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-29 में बीते शनिवार रात को बाइक पर सवार बदमाशों ने अमेरिकन एक्सप्रेस कंपनी के कर्मी के मुंह पर नुकीली चीज से हमला कर एप्पल आईफोन-17 मोबाइल लूट लिया।

हालांकि पीड़ित युवक ने कुछ दूरी तक बाइक का पीछा भी किया लेकिन बदमाश फरार हो गए। युवक ने शनिवार रात को ही सेक्टर-29 थाना पुलिस को इसकी शिकायत दी लेकिन पुलिस की तरफ से गुरुवार रात को केस दर्ज किया गया। सिविल लाइंस के बर्फखाना मोहल्ला निवासी वैभव वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने चचेरे भाई रोहित सोनी से मिलने के लिए अपने पिता आनंद कुमार, भाई वेदांत वर्मा और मां के साथ सेक्टर-58 में गए थे। लौटते समय पिता ने उन्हें रात करीब 10:25 बजे हुडा जिमखाना क्लब के पास छोड़ दिया। वे वहां पर अपने दोस्त तनिष्क नारंग और हर्षित का इंतजार कर रहा था। रात लगभग 10.32 बजे, जब वह अपने मोबाइल से अपने दोस्त तनिष्क नारंग से बात कर रहा था, उसी दौरान बाइक पर सवार दो व्यक्ति उसकी तरफ आए। दोनों ने हेलमेट पहन रखा था और उनके चेहरे दिखाई नहीं दे रहे थे। उनमें से एक ने अचानक उसका एप्पल आईफोन 17 मोबाइल छीन लिया। मोबाइल छीनने के दौरान आरोपियों में से एक ने किसी नुकीली और धारदार वस्तु का इस्तेमाल करते हुए उनके चेहरे पर चोट आई, जिसका निशान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इसके बाद दोनों आरोपी तुरंत मौके से फरार हो गए।

बुखार के बाद अस्पताल में युवक की मौत, परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगा किया हंगामा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम के सेक्टर-102 स्थित धनकोट में एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत होने के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए काफी हंगामा किया। मृतक युवक की पहचान मुकेश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि मुकेश कुमार को केवल सामान्य बुखार हुआ था, जिसके बाद उसे इलाज के लिए धनकोट के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि मुकेश सुबह तक बिल्कुल ठीक था और बातचीत कर रहा था। लेकिन डॉक्टरों ने उसके इलाज में लापरवाही बरती, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसकी जान चली गई। मुकेश मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और धनकोट में परिवार के साथ रहता था। वह पेशे से वेल्डर था और यहीं पर वेल्डिंग का काम करता था। परिवार में मुकेश की पत्नी और तीन लड़के हैं। परिजनों के अनुसार उन्हें बुखार आ रहा था, जिसके चलते कल रात उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया था। तबियत बिगड़ने के बाद अस्पताल के एक स्टाफ ने उन्हें एक इंजेक्शन दिया, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई और उसने खिचड़ी भी पूरी नहीं खाई। बताया जा रहा है कि मृतक को सांस की बीमारी भी थी। हालांकि, परिजन इसे लापरवाही मान रहे हैं और उनका कहना है कि अचानक से तबियत बिगड़ी है।मौके पर पहुंचे धनकोट चौकी इंचार्ज ने परिजनों को समझाया और उन्हें आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

कृषि मंत्री ने मंडियों में खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदने और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि मंत्री शुक्रवार को महेंद्रगढ़ जिले की नांगल चौधरी, नारनौल और अटेली अनाज मंडियों के दौरे के दौरान लोगों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों को 24 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देती है। अगर इससे कम भाव में फसल मंडी में बिकती है तो सरकार भावांतर भरपाई योजना से उसकी भरपाई करती है और किसानों का दाना-दाना सरकार खरीद रही है। कृषि मंत्री ने खरीफ सीजन की फसल खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मंडियों में फसल की आवक, खरीद, उठान और भुगतान की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद मार्केट कमेटी के अधिकारियों और कर्मचारियों से खरीद व्यवस्थाओं के बारे में पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने किसानों और आढ़तियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। श्री राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को मंडियों में किसी भी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम नांगल चौधरी उदय सिंह, एसडीएम नारनौल गुरविंदर सिंह, नगर परिषद चेयरमैन कमलेश सैनी, मार्केट कमेटी चेयरमैन रमाशंकर शर्मा के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

भाजपा के राज में ही लोकतंत्र सबसे ज्यादा कमजोर हुआ : सुखबीर कटारिया

-चौपाल पर चर्चा करने लोगों के बीच गांव पहुंचे कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज





गुरुग्राम। वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को चौपाल अभियान कार्यक्रम गांव तिघरा में किया गया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर व पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया ने ग्रामीणों को भाजपा की निम्न स्तर की राजनीति और देश में वोट प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हुए चुनाव आयोग को भी कटघरे में खड़ा किया। साथ ही भाजपा सरकार द्वारा लोकतंत्र को खतरा बताकर खुद ही सडक़ पर उतरने की निंदा की और उसे नाटक करार दिया। तिघरा के प्रमुख समाजसेवी अंतराम तंवर की अध्यक्षता में बैठक (चौपाल) यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस चौपाल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। नेताओं ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनसे सीधा संवाद किया और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, वोट चोरी और लोकतंत्र को कमजोर करने के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने चौपाल में कहा कि आज देश में वोट की ताकत को कमजोर करने की सबसे बड़ी साजिश चल रही है। वोट ही आम आदमी की सबसे बड़ी ताकत है। जब उसी वोट पर डाका डाला जाएगा तो लोकतंत्र कैसे बचेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 11 साल में देश को सिर्फ जुमलों, झूठ और प्रचार के सहारे चलाया है। नौकरी नहीं, महंगाई पर लगाम नहीं, किसानों को एमएसपी नहीं, युवाओं को रोजगार नहीं, लेकिन वोट चोरी के नए-नए तरीके जरूर खोज लिए गए हैं। इस अवसर पर राजू सरपंच, खुशीराम वोहरा, पंडित प्रेम सिंह, पंडित रघुबर, रामचंद्र तंवर, अतर सिंह तंवर, अभय तंवर, मोहित तंवर, सूबे सिंह यादव, गजेंद्र चौहान, विकास हुड्डा, सतीश सांगवान, पंकज मेंहदीरता, राजीव यादव, कार्तिक गहलोत, नरेश वशिष्ठ, जय सिंह हुड्डा, परवीन कुमार, मोनू पंडित, रमाकांत शर्मा, सनी सोलंकी, रूपा पंडला, फूल सिंह तंवर, महाशय रामकेश समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

पंकज डावर ने कहा कि हरियाणा में भी हमने देखा कि कैसे वोटर लिस्ट से नाम काटे गए, कैसे फर्जी वोटर जोड़े गए और कैसे चुनाव के समय प्रशासन का दुरुपयोग किया गया। गांव-गांव में लोग बता रहे हैं कि उनके परिवार के मृतकों के नाम पर भी वोट डल गए, लेकिन जिंदा लोगों के नाम लिस्ट से गायब हो गए। यह कोई संयोग नहीं है, यह सोची-समझी साजिश है। वोटर लिस्ट से विपक्ष के नेताओं के नाम भी काटे गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को पता है कि वह जनता के वोट से नहीं जीत सकती, इसलिए वह वोट की चोरी से जीतना चाहती है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष होना चाहिए था, लेकिन आज आयोग भाजपा का मोहरा बनकर काम कर रहा है। जब विपक्ष सवाल पूछता है तो जवाब नहीं दिया जाता, जब सबूत दिए जाते हैं तो जांच नहीं होती।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी ने वोट चोरी का जो मुद्दा उठाया है, वह हर गांव, हर चौपाल तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। वोट बचाओ देश बचाओ अभियान इसी लिए शुरू किया गया है। डावर ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी वोटर लिस्ट जरूर जांचें, अपने परिवार के सभी वोटरों के नाम सुनिश्चित करें और अगर किसी का नाम कटा हो तो तुरंत कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बताएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसगांव-गांव जाकर चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक कर रही है। वोट की रक्षा के लिए सडक़ से लेकर बूथ तक लड़ाई लड़ी जाएगी। वोट बचेगा तो देश बचेगा, संविधान बचेगा और गरीब की आवाज बचेगी।

लोकतंत्र बचाने का नाटक कर रही बीजेपी सरकार: सुखबीर कटारिया

पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया ने चौपाल में कहा कि देश में आज एक अजीब तमाशा चल रहा है। जिस पार्टी की सरकार हो और वह लोकतंत्र बचाने के लिए सडक़ों पर उतरने का नाटक करे तो यह समझ जाना चाहिए कि उसी पार्टी की सरकार ने लोकतंत्र को ना केवल कमजोर किया है, बल्कि खतरे में डाला है।

उन्होंने कहा कि भाजपा आज लोकतंत्र बचाने की बात कर रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि भाजपा के राज में ही लोकतंत्र सबसे ज्यादा कमजोर हुआ है। चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई, पुलिस सभी संस्थाओं को अपने इशारों पर चलाया जा रहा है। विपक्ष को दबाया जा रहा है, मीडिया को डराया जा रहा है और जनता की आवाज को कुचला जा रहा है। सुखबीर कटारिया ने कहा कि अगर लोकतंत्र मजबूत होता तो सरकार को सडक़ों पर उतरने की जरूरत ही नहीं पड़ती। यह नाटक इसलिए किया जा रहा है ताकि अपनी नाकामियों को छिपाया जा सके। जनता अब सब समझ चुकी है। गांव का किसान, मजदूर और युवा अब जाग चुका है।

अवैध पटाखों की बिक्री और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर गुरुग्राम जिला प्रशासन का बड़ा एक्शन

डीसी उत्तम सिंह के निर्देश पर जिलेभर में एसडीएम की कार्रवाई, ग्रीन पटाखों की श्रेणी से बाहर के पटाखों की बिक्री करने वालों के खिलाफ 41 से अधिक एफआईआर दर्ज, कई क्विंटल पटाखे जब्त

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। जिले में अवैध पटाखों की बिक्री पर रोक लगाने और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन की बीते दो दिनों में सख्त कार्रवाई जारी रही। जिले के सभी एसडीएम ने बीते दो दिनों में अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाते हुए ग्रीन पटाखों की निर्धारित श्रेणी से बाहर के पटाखों की बिक्री करने वालों तथा निर्धारित स्थानों के अलावा अन्य जगहों पर पटाखे बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान के तहत अब तक 41 से अधिक एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं तथा कई क्विंटल पटाखे जब्त किए गए हैं। बादशाहपुर, पटौदी रोड क्षेत्र, मानेसर, फर्रुखनगर और सोहना सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासनिक टीमों ने निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि जिले में पटाखों की अवैध बिक्री और प्रतिबंधित श्रेणी के पटाखों के भंडारण एवं उपयोग को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला के सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए थे कि अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

वर्क फ्रॉम होम के नियमों की अवहेलना पर भी कार्रवाई

उन्होंने बताया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) के दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए भी जिला प्रशासन द्वारा निगरानी की जा रही है। CAQM के आदेशों के तहत वर्क फ्रॉम होम के निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों एवं संबंधित इकाइयों को नोटिस जारी किए गए हैं। प्रशासन द्वारा संबंधित निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

अवैध पटाखों की बिक्री की सूचना जिला कंट्रोल रूम पर दें

एडीसी सोनू भट्ट ने बताया कि अवैध पटाखों की बिक्री, भंडारण या नियमों का उल्लंघन होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। इसके लिए नागरिक निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं, डायल 112 और जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम 92897 90948 पर तुरंत सूचना दे। साथ ही शिकायत दर्ज करवाते समय संबंधित स्थान का सही पता, वहां क्या गतिविधि हो रही है तथा संभव हो तो फोटो या वीडियो भी साझा करें, ताकि प्रशासनिक टीम त्वरित कार्रवाई कर सके।

धनतेरस पर गुरुग्राम जिले के लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक क्लिक से खातों में हस्तांतरित की राशि

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। धनतेरस के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेशभर के लाखों लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सौगात देते हुए एक क्लिक से उनके बैंक खातों में सीधे आर्थिक सहायता राशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर गुरुग्राम जिले के भी हजारों लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि पूर्व में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की राशि प्रत्येक माह की 10 तारीख तक पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती थी। हालांकि, दीपावली के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इस बार लाभार्थियों को समय से पहले आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 6 नवंबर को ही राशि जारी कर दी, ताकि त्योहार के अवसर पर लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत गुरुग्राम जिले के 1 लाख 12 हजार 355 लाभार्थियों के बैंक खातों में 36 करोड़ 89 लाख 24 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है। इन योजनाओं में वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग पेंशन सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं शामिल हैं। इसी प्रकार, दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत जिले की 9,745 मातृशक्ति के बैंक खातों में 2 करोड़ 4 लाख 64 हजार 500 रुपये की राशि सीधे भेजी गई है।

- जिले के 1 लाख 12 हजार 355 पेंशन लाभार्थियों के खातों में पहुंचे 36 करोड़ 89 लाख 24 हजार रुपये, लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 9,745 मातृशक्ति को मिले 2 करोड़ 4 लाख 64 हजार 500 रुपये

जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के क्रियान्वयन और पात्र लाभार्थियों तक समय पर आर्थिक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। विभाग द्वारा लाभार्थियों के विवरण, पात्रता और बैंक खातों से संबंधित प्रक्रियाओं की नियमित निगरानी की जाती है, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ मिलने में परेशानी न हो।

उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और अन्य पात्र वर्गों को आर्थिक संबल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वहीं, दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें अधिकारी : एडीसी सोनू भट्ट

12 नवंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, गुरुग्राम में 6.38 लाख बच्चों-किशोरों और 99 हजार महिलाओं को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना और स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सभी योजनाओं की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और जहां भी कमियां सामने आएं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए।

एडीसी शुक्रवार को विकास सदन स्थित अपने कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में नियमित टीकाकरण, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, पल्स पोलियो अभियान, मीजल्स-रूबेला टीकाकरण अभियान, एचपीवी टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। एडीसी ने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा की जाए तथा इनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभाग बेहतर समन्वय स्थापित करें।

12 नवंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, 6.38 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत 12 नवंबर को गुरुग्राम जिले में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 6,38,547 बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रजनन आयु वर्ग (डब्ल्यूआरए) की 99,184 महिलाओं को भी कृमि नियंत्रण की दवा दी जाएगी। अभियान के तहत 19 नवंबर को मॉप-अप दिवस आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अभियान के दौरान किसी कारणवश दवा लेने से वंचित रह गए पात्र लाभार्थियों को दवा खिलाई जाएगी। एडीसी ने शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में दवा खिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में डिप्टी सीएमओ डॉ. रश्मि बत्रा ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम का यह 20वां राउंड है और इसका आयोजन प्रत्येक छह माह में किया जाता है। उन्होंने बताया कि 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के पात्र बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोली दी जा सकती है। एक से दो वर्ष तक के बच्चों को गोली की आधी खुराक दी जाएगी।

मीजल्स-रूबेला और एचपीवी टीकाकरण अभियान की भी हुई समीक्षा: एडीसी ने मीजल्स-रूबेला टीकाकरण अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्धारित आयु वर्ग के सभी बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। यह अभियान 16 नवंबर से 15 दिसंबर तक चलाया जाएगा। इसके लिए स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और सामुदायिक स्तर पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर बच्चों की पहचान, सूची तैयार करने तथा अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पात्र किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण के प्रति जागरूक करना जरूरी है।

पल्स पोलियो अभियान के तहत 3.98 लाख रुपए बच्चों को पिलाई जाएगी खुराक

बैठक में आगामी 22 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। डिप्टी सीएमओ डॉ जयप्रकाश ने बताया कि जिले में पांच वर्ष तक की आयु के लगभग 3,98,808 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिले में 1,613 बूथ बनाए जाएंगे, जिनमें 1,175 चार सदस्यीय तथा 313 दो सदस्यीय बूथ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 155 मोबाइल टीमें और 50 ट्रांजिट टीमें तैनात रहेंगी। अभियान के सफल संचालन के लिए 5,736 वैक्सीनेटर और 302 सुपरवाइजर लगाए जाएंगे। एडीसी ने निर्देश दिए कि विशेष रूप से प्रवासी आबादी, निर्माण स्थलों, झुग्गी बस्तियों और अन्य हाई रिस्क क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें अनिवार्य रूप से पहुंचें, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

कृषि कार्यों के साथ करें मशरूम की खेती

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा

गुरुग्राम। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के गुरुग्राम के शिकोहपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मशरूम उत्पादन तकनीकी पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बिलासपुर, इच्छापुरी, पटौदी, सबरस, तावरू, सुल्तानपुर, दिल्ली इत्यादि जगहों के16 प्रक्षिणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बिशेषज्ञ एवं कोऑर्डिनेटर डॉ. भरत सिंह ने जानकारी दी कि आज के समय में घटती जोत, प्रतिकूल मौसम के प्रभाव तथा नियमित आमदनी सुनिश्चित करने की दृष्टि से मशरूम की खेती एक स्वयं का बेहतरीन व्यवसाय है जिसे कृषि कार्यों के साथ आशानी पूर्वक किया जा सकता है। प्रशिक्षण में भाग ले रहे सहभागियों को मशरूम ग्रह निर्माण, कंपोस्ट एवं केसिंग मिट्टी तैयार करने की विधी, इसके निर्जलीकरण, मशरूम ग्रह में नमी व तापक्रम प्रबंधन, स्पानिंग इत्यादि तकनीकों के साथ साथ मशरूम हार्वेस्टिंग, पैकेजिंग, मार्केटिंग की विस्तार पूर्वक तकनीकी जानकारी दी गई। इस दौरान विशेषज्ञ डॉ. भरत सिंह ने जानकारी दी कि मशरूम की खेती के लिए कम लागत से मशरूम ग्रह तैयार कर प्राकृतिक रुप से मौसम आधारित वर्ष में 3-4 बार मशरूम की खेती की जा सकती है जबकि उच्च तकनीकी युक्त मशरुम गृह निर्माण कर वर्ष में 6-8 बार मशरूम फसलें जैसे श्वेत बटन मशरुम, ढिंगरी मशरुम, दूधिया मशरुम की फसलें लगाकर आमदनी अर्जित की जा सकती है। कम लागत से मशरुम गृह बनाने के लिए समतल तथा ऊंची उठी हुई जगह, जहां पर पानी का भराव न होता हो वहां पर फसलों के अवशेषों जैसे ज्वार, बाजरा, मक्का, धान सरकंडा / मूंज के सूखे पूलों व फूंस से झोंपड़ीनुमा



ढांचा बना कर उसके अंदर अलग अलग ऊंचाइयों पर बांस, पॉलीथीन व सुतली का इस्तेमाल कर 3 से 6 सतहों के रैक तैयार किए जाते हैं । जिन पर गेंहू, जौ या धान के भूसे से तैयार मशरुम कंपोस्ट में मशरुम बीज जिसे स्पॉन कहते है उसे मिला दिया जाता है। अब इसे तैयार रैक पॉलीथिन की थैलियों में मशरूम कंपोस्ट भरकर या रैक पर खुली विधि तकनीक से कर साफ कागज या पारदर्शी व पतली पॉलीथीन से 10-12 दिनों के लिए ढक दिया जाता है। जिसमें पूरी तरह मशरुम जाल/ माइसीलियम फैल जाने पर विषेश रूप से तैयार की गई केसिंग मिट्टी 1-1.5 इंच की परत ऊपर से चढ़ा दी जाती है। इस प्रक्रिया के 12-15 दिन बाद विशेष रूप से श्वेत बटन मशरुम कटाई कर उपज एवं आमदनी प्राप्त होने लगती है। श्वेत बटन मशरुम की खेती के लिए सितंबर से फरवरी तक का मौसम अनूकूल रहता है। अलग अलग मौसम के अनुसार मार्केट में मशरूम के भाव में उतार चढाव जो कि 100 रुपए से लेकर 400 रुपए प्रति किलोग्राम या इससे भी अधिक देखा जा सकता है।

जबकि वर्षभर मार्किट में ताजा मशरुम की हमेशा मांग बनी रहती है। ठीक उसी तरह ढिंगरी एवं दूधिया मशरुम की खेती से भी मांग व मार्केट की आवश्यकतानुसार उत्पादन कर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। केंद्र के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बी.के. नंदा ने प्रशिक्षण में भाग ले रहे सहभागियों से प्रशिक्षण के उपरांत अपने फार्म पर मशरुम यूनिट की स्थापना कर इस व्यवसाय को अपनाने के लिए प्रेरित किया जिससे कि प्रशिक्षण में भाग ले रहे व्यक्तियों की आमदनी में वृद्धि हो सके। केंद्र के द्वारा प्रशिक्षण के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सहभागी श्री राजकुमार शेहरावत ने केंद्र के वैज्ञानिकों के प्रति आभार प्रकट किया।

ड्राइवर को चिंता था कि जानबूझकर 1000 का चालान काटा गया अब आप कहेंगे कि नियम तो नियम है, बेल्ट नहीं लगाई तो जुर्माना भरना पड़ेगा

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा

फर्रुखनगर। कौशांबी की चिलचिलाती धूप, सड़क किनारे खड़ी एक मालवाहक पिकअप और पसीने से तर-बतर एक ड्राइवर। गलती सिर्फ इतनी कि उसने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी। ट्रैफिक पुलिस ने रोका और सीधा 1,000 रुपये का चालान थमा दिया। इसके बाद जो सड़क पर बहस हुई, वो सिर्फ एक ड्राइवर और सिपाही की बहस नहीं थी... वो इस देश के आम आदमी और सिस्टम के बीच की वो हताशा थी, जो रोज़ सड़कों पर दम तोड़ती है। बिल्कुल शत-प्रतिशत सही बात है! नियमों का पालन होना ही चाहिए। लेकिन क्या नियम की चाबुक सिर्फ उसी गरीब की पीठ पर बजती है जो दिन भर खटकर बमुश्किल अपने परिवार की रोटी का जुगाड़ करता है? काली फिल्म चढ़ी मोटी एसयूवी और हूटर बजाती रसूखदारों की गाड़ियों के



सामने क्या सिस्टम का यह रडार अचानक से काम करना बंद कर देता है? क्या ट्रैफिक के सारे नियम, सारी सख्ती, और कैमरों का सारा फोकस सिर्फ उस पिकअप वाले, दिहाड़ी वाले या पुरानी स्प्लेंडर वाले के लिए ही रिज़र्व रखा गया है? जब एक छोटे मालवाहक या मज़दूर का 1,000 रुपये का चालान कटता है, तो वो सिर्फ सरकारी खाते में गया राजस्व नहीं होता... वो उसके बच्चों के कई दिनों के दूध और घर के राशन की कटौती होती है। सीट बेल्ट हमारी और आपकी जान बचाने के लिए है, इसे पहनना हमारी नैतिक ज़िम्मेदारी है। लेकिन चालान की कार्रवाई लोगों को टारगेट पूरा करने या वसूली का ज़रिया नहीं लगनी चाहिए। जब एक ड्राइवर सड़क पर खुद कहता है कि साहब 500 का काट लीजिए, तो यह दिखाता है कि आम आदमी को जुर्माने की सही दरों की जानकारी तक नहीं है और उसे लगता है कि चालान की रकम साहब के मूड पर निर्भर करती है। सिस्टम को यह समझना होगा कि खौफ और चालान से आप सरकारी खजाना तो भर सकते हैं, लेकिन लोगों के दिलों में ट्रैफिक नियमों के प्रति सम्मान पैदा नहीं कर सकते। वर्दी का काम सुरक्षा का अहसास दिलाना है, खौफ का नहीं। आपकी इस पूरी व्यवस्था पर क्या राय है? क्या चालान का डंडा वाकई हर खास-ओ-आम पर बराबर चलता है, या सिर्फ कमज़ोर को देखकर हमारा सिस्टम ज्यादा सख्त हो जाता है? कमेंट में अपने विचार ज़रूर रखें!

सड़क पर यातायात व्यवस्था और नागरिकों के भरोसे की जिम्मेदारी, गुरुग्राम यातायात पुलिस ने लौटाया खोया मोबाइल

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा

गुरुग्राम। गुरुग्राम यातायात पुलिस के जवान यातायात व्यवस्था संभालने के साथ-साथ अपनी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की भावना से आमजन का विश्वास भी मजबूत कर रहे हैं। आज जोनल अधिकारी साउथ सिटी-2 ASI राकेश एवं उनकी टीम को ड्यूटी के दौरान एक मोबाइल फोन मिला। पुलिसकर्मियों ने ईमानदारी का परिचय देते हुए मोबाइल को सुरक्षित अपने पास रखा और उसे उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाने का प्रयास किया। कुछ समय बाद मोबाइल के मालिक मानव कपूर पुत्र तरुण कपूर निवासी सेक्टर-7, गुरुग्राम ने दूसरे मोबाइल नंबर से कॉल कर बताया कि उनका मोबाइल गलती से कहीं गिर गया था। इस पर जोनल अधिकारी ASI राकेश ने उन्हें मोबाइल मिलने के स्थान की जानकारी दी और उन्हें अपनी ड्यूटी के स्थान के



बारे मे बताया। सूचना मिलने पर मानव कपूर मौके पर पहुंचे, जहां आवश्यक सत्यापन के उपरांत यातायात पुलिसकर्मियों ने उनका मोबाइल फोन सुरक्षित उन्हें सौंप दिया। अपना खोया हुआ मोबाइल सुरक्षित वापस पाकर मानव कपूर ने गुरुग्राम यातायात पुलिस के जवानों की ईमानदारी, तत्परता और सहयोग की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। जोनल अधिकारी ASI राकेश एवं उनकी टीम द्वारा दिखाई गई यह ईमानदारी दर्शाती है कि पुलिस की जिम्मेदारी केवल यातायात व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत के समय नागरिकों की सहायता करना और उनके विश्वास को मजबूत करना भी पुलिस के कर्तव्यों का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

जिलाधीश अखिल पिलानी ने ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

9 नवंबर से जिले में सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

नूंह। उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट अखिल पिलानी ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की अनुपालना में जिला नूंह में वर्ष 2026 के लिए ग्रीन पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन आदेशों का उद्देश्य वायु एवं ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखना तथा आमजन के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के अनुसार ग्रीन पटाखों का निर्माण केवल 2 नवंबर से 6 नवंबर 2026 तक उन्हीं निर्माताओं द्वारा किया जा सकेगा, जिनके पास सीएसआईआर-नीरी का वैध प्रमाणपत्र और पीईएसओ का लाइसेंस होगा। ग्रीन पटाखों की बिक्री 4 नवंबर से 6 नवंबर तक केवल लाइसेंसधारी विक्रेताओं के माध्यम से निर्धारित स्थानों पर ही की जा सकेगी। बिक्री के लिए केवल सीएसआईआर-नीरी से पंजीकृत एवं पीईएसओ से लाइसेंस प्राप्त निर्माताओं के उत्पाद ही मान्य होंगे। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि पटाखों की बिक्री के लिए संबंधित



उपमंडल मजिस्ट्रेट पुलिस अधीक्षक नूंह के परामर्श से नगर पालिका, नगर परिषद, नगर समिति एवं खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों के प्रस्तावों के आधार पर निर्धारित स्थान चयनित करेंगे। निर्धारित स्थानों के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर पटाखों की बिक्री की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित पटाखों में बेरियम युक्त पटाखे, सीएसआईआर-नीरी द्वारा ग्रीन पटाखों के रूप में अनुमोदित नहीं किए गए उत्पाद, लड़ियां एवं माला के रूप में जुड़े पटाखे शामिल हैं। ई-कॉमर्स या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से पटाखों की खरीद-बिक्री पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ग्रीन पटाखे केवल पूरी तरह सीलबंद डिब्बों में ही बेचे जा सकेंगे तथा प्रत्येक पटाखे पर उत्पाद एवं बैच विशेष क्यूआर कोड होना अनिवार्य है। अखिल पिलानी ने बताया कि प्रत्येक निर्माता एवं विक्रेता को बिक्री शुरू करने से पहले जिला मजिस्ट्रेट, नूंह के पक्ष में दो लाख रुपये की सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। आदेशों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाएगा तथा उनकी जमा सिक्योरिटी भी जब्त की जा सकती है।उन्होंने कहा कि ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति केवल 7 और 8 नवंबर 2026 को सुबह 6 बजे से 7 बजे तक तथा रात 8 बजे से 10 बजे तक होगी। निर्धारित समय के अतिरिक्त किसी भी दिन या समय पटाखे चलाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अतिरिक्त अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों, शिक्षण संस्थानों तथा अधिसूचित शांत क्षेत्रों के 300 मीटर के दायरे में पटाखे चलाना प्रतिबंधित रहेगा। उपायुक्त ने बताया कि आदेशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के लिए जिले में पुलिस थाना स्तर पर संयुक्त गश्त एवं निरीक्षण टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक टीम में संबंधित थाना प्रभारी तथा एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट शामिल रहेंगे। संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में इन टीमों की निगरानी करेंगे। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों द्वारा भी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अग्निशमन विभाग को निर्धारित बिक्री स्थलों एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर फायर टेंडर उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित बिक्री स्थलों पर नियमित जांच की जाए तथा पटाखों के क्यूआर कोड की सत्यता सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित या अवैध पटाखों की बिक्री पाए जाने पर तत्काल जब्ती और नियमानुसार कार्रवाई की जाए। आदेशों के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 तथा संबंधित अधिनियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। अखिल पिलानी ने बताया कि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को 2 से 6 नवंबर, 7 से 8 नवंबर तथा 9 से 30 नवंबर तक वायु गुणवत्ता की दैनिक निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं, सिविल सर्जन को पटाखों के कारण अस्पतालों में मरीजों की संख्या में होने वाली वृद्धि की निगरानी करने तथा स्वास्थ्य संबंधी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि पर्यावरण संरक्षण और अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना करें तथा निर्धारित समय और स्थान के नियमों का पालन करते हुए ही ग्रीन पटाखों का उपयोग करें। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश 6 नवंबर 2026 से तत्काल प्रभाव से पूरे जिला नूंह में लागू हो गए हैं।

पटाखा मुक्त दिवाली मनाने के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक, निकाली जागरूकता रैली

दीप जलाकर दिवाली मनाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का किया आह्वान



ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

नूंह। दिवाली के पर्व को प्रदूषण मुक्त एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय नूंह की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पटाखा मुक्त दिवाली मनाने के प्रति जागरूक किया गया तथा इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जागरूकता रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि पटाखों से निकलने वाला धुआं वायु प्रदूषण को बढ़ाता है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव मानव स्वास्थ्य, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों पर पड़ता है। इसके साथ ही पटाखों से होने वाला ध्वनि प्रदूषण भी पर्यावरण और जीव-जंतुओं के लिए नुकसानदायक है। विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि वे इस दिवाली पटाखों के स्थान पर मिट्टी के दीये जलाकर त्योहार मनाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्हें यह भी कहा गया कि वे पटाखा मुक्त दिवाली का संदेश अपने माता-पिता, परिवारजनों और आसपास के लोगों तक पहुंचाएं, ताकि सामूहिक प्रयासों से पूरे समाज में स्वच्छ एवं सुरक्षित दिवाली मनाने के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

चेयरमैन प्रवीण ठाकरिया को दीपावली की शुभकामनाएं देने पहुंचे मास्टर सुरेन्द्र चौहान

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा

जाटौली मंडी। दीपावली के पावन पर्व पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं समाजसेवी मास्टर सुरेन्द्र चौहान ने नगर परिषद पटौदी-जाटौली मंडी के चेयरमैन प्रवीण ठाकरिया से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर मास्टर सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि दीपावली खुशियों, रोशनी और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आए। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील भी की। चेयरमैन प्रवीण ठाकरिया ने शुभकामनाओं के



लिए मास्टर सुरेन्द्र चौहान का आभार व्यक्त किया और सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की बधाई दी।

उपायुक्त अखिल पिलानी ने जिला वासियों को धनतेरस, छोटी दीपावली एवं दीपावली की दी हार्दिक शुभकामनाएं

प्रकाश का पर्व दीपावली सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए : उपायुक्त अखिल पिलानी

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

नूंह। उपायुक्त अखिल पिलानी ने जिला नूंह के समस्त नागरिकों को धनतेरस, छोटी दीपावली एवं दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि दीपों का यह पावन त्योहार सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए तथा हर घर में सुख-समृद्धि का उजियारा फैले। उपायुक्त ने कहा कि दीपावली प्रकाश, प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का प्रतीक पर्व है। यह त्योहार हमें अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देता है। ऐसे पावन अवसर पर हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, सौहार्द और



भाईचारे की भावना को मजबूत करना चाहिए।

पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए सुरक्षित तरीके से मनाएं दीपावली

उपायुक्त ने जिला वासियों से अपील की कि वे दीपावली का त्योहार पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित एवं प्रदूषण मुक्त तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहार की खुशियां मनाते समय बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखें। पटाखों से होने वाले ध्वनि एवं वायु प्रदूषण से बचें और पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने का संकल्प लें। उन्होंने नागरिकों से यह भी आह्वान किया कि वे इस पावन पर्व पर जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों के साथ खुशियां साझा करें, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक त्योहार की खुशियां पहुंच सकें। उपायुक्त ने कहा कि आपसी सहयोग, सद्भाव और सामाजिक एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उपायुक्त अखिल पिलानी ने जिला नूंह के सभी नागरिकों को धनतेरस, छोटी दीपावली एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुखद, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश समुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

कोसली रेलवे स्टेशन आरओबी की सर्विस रोड का टेंडर जारी : विधायक अनिल यादव

3.81 करोड़ की राशि का काम जल्द होगा शुरु

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



कोसली। विधायक अनिल यादव ने कहा है कि कोसली रेलवे स्टेशन के आरओबी की सर्विस रोड का टेंडर अलॉट कर दिया गया है। यहां जल्दी ही पुल के दोनों तरफ सडक़ का निर्माण कार्य शुरु कर दिया जाएगा। विधायक अनिल यादव आज रेवाड़ी कार्यालय में हलका के लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि कोसली रेलवे स्टेशन के आरओबी की सर्विस रोड के लिए 3 करोड़ 81 लाख की राशि मंजूर करवाई गई थी। अब लोक निर्माण विभाग ने सर्विस रोड का टेंडर अलॉट कर दिया है। उन्होंने बताया कि यह निर्माण कार्य जल्दी ही आरंभ कर दिया जाएगा। पुल के दोनों तरफ सर्विस रोड के बनने से कोसली स्टेशन के आसपास साल्हावास रोड, नाहड़ रोड, बस स्टैंड आदि मार्केट के दुकानदारों को काफी राहत मिलेगी। यहां का यातायात सुगम हो सकेगा तथा वाहनों का जाम लगना बंद हो जाएगा। विधायक अनिल यादव ने कहा है कि उनका प्रयास है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के नेतृत्व में कोसली विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास कार्य करवाए जाएं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार सबका साथ सबका विकास की भावना से प्रदेश में जनकल्याण कारी योजनाओं को संचालित कर रही है। जिसका लाभ कोसली को भी हुआ है। इस अवसर पर विधायक अनिल यादव ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं और हलका वासियों को दीपावली त्यौहार की शुभकामनाएं दीं। जन सुनवाई कार्यक्रम में हलका के अनेक मौजिज व्यक्ति तथा पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

डाइट शाहपुर, करनाल द्वारा आयोजित 30 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में सिखाए 'खेल-खेल में योग'' के अभिनव तरीके



ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) शाहपुर, करनाल द्वारा हरियाणा योग आयोग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय विद्यालय, सेक्टर-13 में आयोजित 30 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में 'खेल-खेल में योग' पर विशेष सत्र हुआ। डाइट प्रभारी एवं जिला नोडल अधिकारी मुनीश कुमार के नेतृत्व में आयोजित शिविर में लगभग 60 शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य एवं भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के पूर्व संगठन मंत्री डॉ. मनीश कुकरेजा ने एबीसी ऑफ योग, हिंदी यौगिक वर्णमाला, यौगिक सांप-सीढ़ी, लूडो और शतरंज जैसे खेलों के माध्यम से योग सिखाने की विधियां समझाईं। उन्होंने ए से आसन, सी से चक्र और डी से ध्यान जैसे उदाहरण प्रस्तुत किए। डॉ. कुकरेजा के अनुसार, इस विषय पर उनके पांच शोध पत्र एनसीईआरटी की पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। सत्र में हास्य योग के अभ्यास ने प्रतिभागियों को उत्साहित किया। मुनीश कुमार ने कहा कि खेल एवं गतिविधि आधारित योग शिक्षण को विद्यालयों की दिनचर्या में शामिल करना उपयोगी होगा। आयुष विभाग, डॉ. अमित पुंज, अमित आर्य, इंदु शेखर और अश्वनी मिश्रा ने आयोजन में सहयोग दिया। शिक्षकों को योग चार्ट वितरित किए गए। शिविर 30 नवंबर तक जारी रहेगा।

सोहना में पुलिस ने चलाया छापेमारी अभियान- पटाखे मिलने पर होगी जेल : एसीपी मुकेश कुमार

ओपन सर्च / वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना में अवैध रूप से बिकने वाले पटाखों पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। सादा लिबास में पुलिस की कई टीमें बनाई गई है, जो पहले छदम रूप में ग्राहक बनकर इस बात का पता लगा रही है कि शहर में कहां-कहां पर कौन-कौन व्यक्ति अवैध रूप से पटाखों की बिक्री कर रहा है। पटाखे कहां पर रखे हुए है? पूरी जानकारी पुख्ता रूप में एकत्रित होते ही पुलिस छापेमारी करेगी। सोहना जोन के सहायक पुलिस आयुक्त मुकेश कुमार यादव ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने किसी भी अप्रिय संवेदनशील विस्फोटक सामग्री का पता लगाने के लिए स्थानीय बाजारों में आज दुकान-दुकान आकर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान के दौरान जिला मुख्यालय गुरुग्राम से मंगाए गए पुलिस विभाग के खोजी कुत्ते भी इस अभियान में शामिल रहे। तलाशी अभियान के दौरान खोजी कुत्तों के साथ एसआई सुखबीर सिंह और शहर पुलिस चौकी प्रभारी मनोज कुमार की अगुवाई में पुलिस जवानों की एक टीम भी साथ-साथ रही। तसल्ली वाली बात यह रही कि इस तलाशी अभियान के दौरान बाजार में किसी भी दुकान पर कोई संवेदनशील या विस्फोटक सामग्री नही मिली। पुलिस का कहना है कि बाजारों के साथ-साथ अब पुलिस वार्डों, विभिन्न बस्तियों, गली-मोहल्लों और सोसायटियों में भी सघन तलाशी अभियान चलाएगी। आगे यह अभियान और तेजी से चलेगा।

मस्तापुर में सामाजिक पंचायत का आयोजन, आपसी सहमति से जमीन का कब्जा दिलाया

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



करनाल। गांव मस्तापुर में जमीन से जुड़े आपसी विवाद को सुलझाने के लिए सामाजिक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में गांव के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में आपसी सहमति से फैसला लिया गया, जिसके अनुसार 500 गज जमीन पर मकान सहित कच्चा कब्जा दिलाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, खेवट नंबर 178, किला नंबर 12/4 की निजी जमीन के संबंध में प्रियंका कुमारी पत्नी नवीन कुमार ने 17 अगस्त 2026 को कुल 400 गज जमीन खरीदी थी। इसमें आनंद कुमार पुत्र अम्मीलाल के हिस्से से 350 गज और जय प्रकाश पुत्र अम्मीलाल के हिस्से से 50 गज जमीन शामिल थी। आपसी समझौते के अनुसार, 50 गज जय प्रकाश तथा 50 गज आनंद प्रकाश के नाम तबादला पंजीकरण पुराने समझौते के प्रारूप के अनुसार करवाया गया, जबकि शेष 300 गज जमीन की रजिस्ट्री सरकारी नियमों के अनुसार 16 हजार रुपये प्रति गज की दर से करवाई गई। आरोप है कि पंजीकरण होने के बावजूद आपसी विवाद के चलते बेचने वाले पक्ष ने प्रियंका कुमारी को जमीन का कब्जा नहीं दिया। इसके बाद सामाजिक पंचायत में मामले को रखा गया। पंचायत में सभी पक्षों की सहमति से फैसला लिया गया कि 500 गज जमीन पर मकान सहित कच्चा कब्जा दिया जाएगा। पंचायत ने यह भी निर्णय लिया कि यदि कोई पक्ष अपने बयान या फैसले से मुकरता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर गांव की सरपंच दीक्षा देवी, पूर्व सरपंच ईश्वर सिंह, सतबीर सिंह, सूबेदार देशराज, बाल किशन, मास्टर जय सिंह, श्रीओम, आनंद कुमार, सोनू कुमार, जय प्रकाश, राज सिंह, पारस कुमार, प्रीति, मुकेश कुमार, रामनिवास, सुनील कुमार सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए नवाचार, वैज्ञानिक सोच और शोध प्रतिभा का किया प्रदर्शन

इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बच्चों में जिज्ञासा,तार्किक क्षमता, वैज्ञानिक सोच विकसित होती है..... डीईओ रोहताश वर्मा

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। शेखपुरा खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनाल में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद एवं हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में स्थिरता के लिए विज्ञान और नवाचार विषय पर 32 वीं जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन जिला नोडल रिंपल कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और अनुसंधान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से किया गया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की कक्षा 9 से 12 और कक्षा 6 से 8 में 35 टीमों के 70विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विज्ञान आधारित शोध परियोजनाएं एवं अभिनव विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, ऊर्जा, स्वास्थ्य, कृषि तथा सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विज्ञान कांग्रेस विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती है। ऐसे आयोजन बच्चों में जिज्ञासा, तार्किक क्षमता और समस्या समाधान कौशल विकसित करते हैं। चयनित विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह मंच भविष्य के वैज्ञानिकों को तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

राज्य स्तर के लिए चयनित हुई. टीमें इस प्रकार है,.....सीनियर वर्ग में..... कक्षा 9 से 12 में

राजकीय विद्यालय अलीपुर खालसा की टीम,दयाल पब्लिक स्कूल मेन ब्रांच करनाल, डी ए वी सेंचुरी पब्लिक स्कूल इंद्री रोड करनाल, की टीम चयनित हुई। जूनियर वर्ग मेंकक्षा 6 से 8 में जेपीएस एकेडमी निसिंग ,राजकीय कन्या विद्यालय जूडला, राजकीय विद्यालय खेड़ीनेरू की टीमें राज्य स्तर के लिए चयनित हुई है। इस अवसर पर डीईओ रोहताश वर्मा, जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा , कमलदीप सांगवान, प्राचार्य हरमीत कौर,सिमरनजीत , प्रोग्राम समन्वयक रिंपल कुमार, एकेडमिक इंचार्ज विक्रम हांडा, पवन, मीडिया समन्वयक दलीप सिंह,रवि राठी, रमेश महला, जयप्रकाश, शिखा,संदीप, कमलदीप,सोनू,निशा, पूजा, डिंपल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

यंग रामलीला क्लब गुड़ियानी में कल होगा श्रीरामचंद्र जी का भव्य राजतिलक समारोह

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



गुड़ियानी। यंग रामलीला क्लब गुड़ियानी में छोटी दीपावली के पावन अवसर पर 07 नवंबर 2026 को भगवान श्रीरामचंद्र जी के भव्य राजतिलक समारोह का आयोजन किया जाएगा। मंच संचालक अमित यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर आकर्षक एवं भव्य झांकियां निकाली जाएंगी। झांकियों का शुभारंभ दोपहर 2 बजे लाला नारायण दास मंदिर से होगा। ये झांकियां गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए शाम 6 बजे यंग रामलीला मैदान में पहुंचेंगी। इसके पश्चात यंग रामलीला मैदान में भगवान श्रीरामचंद्र जी के राजतिलक की रस्म विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार संपन्न करवाई जाएगी। कार्यक्रम के सर्वेसर्वा बाबा मंजेश मस्तनाथ जी महाराज रहेंगे। इस आयोजन में ठेकेदार सुरेंद्र पंच, नरेश भारद्वाज, सरपंच नरेंद्र कुमार, ठेकेदार नरेश सैनी, ईश्वर यादव चेयरमैन, विजय गुड़ियानी, अजीत चेयरमैन, रविंद्र यादव, योगेंद्र यादव, किशोर यादव पाली वाले, धीरज बंसल, विनीत बंसल, मास्टर नागेश यादव, डॉक्टर सोनू, जॉनी यादव, विजय प्रजापति, विपिन गोयल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामवासी सहयोग करेंगे। क्लब के प्रधान रघुबीर सिंह यादव ने समस्त ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान श्रीरामचंद्र जी के भव्य राजतिलक समारोह की शोभा बढ़ाएं तथा इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करें। आयोजनकर्ता: समस्त ग्रामवासी गुड़ियानी एवं यंग रामलीला क्लब गुड़ियानी।

विश्वासवास कॉलोनी की वर्षों पुरानी सड़क की मांग पूरी होने पर निवासियों ने विधायक कबीरपंथी का जताया आभार



ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

तरावड़ी। तरावड़ी की विश्वासवास कॉलोनी में वर्षों पुरानी सड़क निर्माण की मांग पूरी होने पर कॉलोनीवासियों में खुशी की लहर है। सड़क निर्माण कार्य को लेकर कॉलोनी के निवासी हल्का नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी और नगरपालिका सचिव अजीत कुमार का आभार व्यक्त करने नगरपालिका कार्यालय पहुंचे। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने मिठाई का डिब्बा लेकर सचिव अजीत कुमार का मुंह मीठा करवाया और सड़क निर्माण की मांग पूरी करवाने के लिए उनका धन्यवाद किया। कॉलोनीवासियों ने बताया कि विश्वासवास कॉलोनी की मुख्य सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में थी और इसके निर्माण की मांग लगातार उठाई जा रही थी।

कॉलोनीवासियों की इस समस्या को विधायक भगवानदास कबीरपंथी के समक्ष रखा गया था, जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए पूरा करवाने में सहयोग किया। इस अवसर पर कॉलोनीवासियों ने कहा कि सड़क निर्माण से लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और कॉलोनी के विकास को नई दिशा मिलेगी।

उन्होंने विधायक भगवानदास कबीरपंथी एवं नगरपालिका सचिव अजीत कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलोनी की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होने से सभी निवासी बेहद खुश हैं और इसके लिए पूरी कॉलोनी उनकी सदैव आभारी रहेगी।

सोहना में डाक्टर सतीश जुनेजा स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए लोगों को उपलब्ध करा रहे निशुल्क मिटटी के दीयें

ओपन सर्च / वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा का कहना है कि देश से प्रेम करने वाले सभी लोगों को दीवाली पर स्वदेशी वस्तुओं की खरीद कर प्रयोग में लाना चाहिए। उन्होने बताया कि उन्होने स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए कुम्हारों से मिटटी के बनाए गए 5 हजार दीए खरीद कर अपने आसपास क्षेत्र में निशुल्क रूप में उपलब्ध कराने शुरू कर दिए है ताकि हर घर में दीवाली के त्यौहार के पर मिटटी के दीए जलाकर घरों को रोशन किया जा सके और स्वदेशी को बढ़ावा मिले। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े डाक्टर सतीश जुनेजा ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों व आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीवाली पर सभी लोग स्वदेशी सामान खरीदने को तरजीह दे। उन्होने कहा कि हम सभी को स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे देश में रोजगार भी पैदा होता है और हम अपनी भारतीय संस्कृति से भी जुड़ते हैं। उन्होने कहा कि दीपावली पर हमको चीन का समान नहीं खरीदना है। कोई भी पर्व हो राष्ट्रीय हो या धार्मिक परिवारिक पर्व हो।

हमें अपने देश से निर्मित सामग्री का उपयोग करना है। उसी को खरीदना है इससे उद्योग जगत में विकास होगा । व्यापारी को लाभ मिलेगा और हमारा देश उन्नति करेगा।

दीवाली पर एक दीया शहीदों के नाम जलाएं : कांग्रेस नेता मनोज बंधवाड़ी

ओपन सर्च / वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज बंधवाड़ी ने क्षेत्रवासियों को दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीवाली का त्यौहार हिंदू धर्म के प्रमुख त्यौहारों में से एक है। यह हर वर्ष बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दौरान मोमबत्ती तथा दीयों द्वारा घरों तथा दुकानों को सजाना, रंगोली बनाना, मिठाई तैयार करना, दोस्तों व रिश्तेदारों से मिलना, तोहफे भेंट करना, लक्ष्मी तथा गणेश जी की पूजा करना आदि दीवाली के त्यौहारों के प्रमुख भाग है। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी और युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज बंधवाड़ी ने कहा कि सभी क्षेत्रवासी दीवाली पर्व को खुशी से मनाए लेकिन एक दीया शहीदों के नाम भी जलाए। जिनके कारण आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। दीपोत्सव का अर्थ दीपक के साथ उत्सव से है। माना जाता है कि दीवाली के दिन अयोध्या के राजा राम 14 वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटे थे और इस दिन अयोध्यावासियों ने उनके आगमन पर घी के दीए जलाए थे। तब से इस त्यौहार को दीपोत्सव या दीपावली के नाम से जाना जाता है और हर वर्ष भारत में इसकी धूम रहती है।

दीवाली के चलते बाजारों में बढ़ी रौनक- उमड़ रही भीड़ ने तोड़े तमाम रिकार्ड

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। लगातार बढ़ रही महंगाई से गायब हुई बाजारों की रौनक दीवाली के त्यौहार पर पुन: वापिस लौट आई है। बाजारों में जगह-जगह दीवाली के सामानों से सजी दुकानें नजर आ रही है। लोग अपने घरों को सजाने और दीवाली पर सामान की खरीददारी के लिए बाजार में उमड़ रहे है। बाजार में सबसे ज्यादा भीड़ सजावट के सामान, कैलेंडरों, खिलौना, खील, बताशे, मिटटी के दीए, पूजा सामग्री, ड्राईफ्रूट, चाइनीज क्राकरी, चाइनीज लाइटें, नमकीन आदि विक्रेताओं की दुकानों पर देखने को मिल रही है। देखने में आया कि यहां पर अपने घरों-दुकानों को सजाने और सजावटी सामान खरीदने के लिए शहर में पुराने बसअडडा के समीप डाक्टर भरत सैनी की दुकान के बाहर दीपावली पर सजावटी सामान बेचने के लिए दुकान लगाने वाले कमल सैनी, मनोज सैनी, सूरज भटेजा की दुकान पर एक से एक आकर्षक सजावटी सामान खरीदने के लिए ग्राहकों की लाइन ऐसे लगी है, जैसे राशन की दुकान पर राशन खरीदने के लिए लाइनें लगी नजर आती है तो बिजली व इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने के लिए यहां सुभाष पाहूजा, सन्नी पाहूजा की दुकान पर खरीददारों की भारी भीड़ नजर आ रही है तो मिठाई खरीदने के लिए बाईपास चौक तावडू रोड़ पर बाली स्वीटस पर तरह-तरह की मिठाईयां खरीदने के लिए लोग अपनी बारी आने का इंतजार करते दिखाई पड़े। बाजार में गिफ्ट गैलरी की दुकान चलाने वाले पूर्व नगरपार्षद मदन सिंह चौहान, देविन्द्र चौहान, हर्ष चौहान आदि दुकानदारों ने बताया कि दीवाली आते ही बाजारों में ग्राहकों की पसंद के सामान आने शुरू हो गए है। उनकी दुकान पर सुबह 8 बजे से लगने वाली ग्राहकों की भीड़ रात 10 बजे तक लगी रहती है। लगभग ऐसा ही नजारा चाकलेट, खाद्य सामग्री, मिठाई विक्रेताओं, ड्राईफ्रूट बेचने वालों की दुकान पर देखने को मिल रहा है। दुकानदार बल्ले प्रधान, देशराज गोयल आदि का कहना है कि इस बार दीवाली पर लोगों में अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजार में सामान खरीदने के लिए लोगों की देर रात तक भीड़ रहती है। बाजार में सामान खरीदने आए शेखर दरोगा, पूर्व नगरपार्षद मुकेश सैनी, देवेन्द्र यादव, प्रेमपाल, कृष्ण सैनी, हरविंदर, कर्मपाल बोकन आदि लोगों का कहना है कि महंगाई चाहे तेजी से सिर उठा रही है लेकिन दीवाली का त्यौहार तो मनाना ही है। बच्चे बम-पटाखे और मिठाई के लिए जिद कर रहे है तो धर्मपत्नी आकर्षक साड़ी लाने की जिद पकड़े हुए है। इसके अलावा दीवाली पूजन के लिए चांदी का कुछ सामान खरीदना भी आवश्यक है जोकि खरीदना तो पड़ेगा ही।

शहीदों के नाम जलाए दीवाली पर एक दीया : भाजपा नेता महेन्द्र यादव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और केन्द्रीय टेलिफोन सलाहकार समिति मैंबर महेन्द्र यादव ने क्षेत्रवासियों को दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीवाली का त्यौहार हिंदू धर्म के प्रमुख त्यौहारों में से एक है। यह हर वर्ष बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दौरान मोमबत्ती तथा दीयों द्वारा घरों तथा दुकानों को सजाना, रंगोली बनाना, मिठाई तैयार करना, दोस्तों व रिश्तेदारों से मिलना, तोहफे भेंट करना, लक्ष्मी तथा गणेश जी की पूजा करना आदि दीवाली के त्यौहारों के प्रमुख भाग है। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और केन्द्रीय टेलिफोन सलाहकार समिति मैंबर महेन्द्र यादव ने कहा कि सभी क्षेत्रवासी दीवाली पर्व को खुशी से मनाए लेकिन एक दीया शहीदों के नाम भी जलाए। जिनके कारण आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। दीपोत्सव का अर्थ दीपक के साथ उत्सव से है। माना जाता है कि दीवाली के दिन अयोध्या के राजा राम 14 वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटे थे और इस दिन अयोध्यावासियों ने उनके आगमन पर घी के दीए जलाए थे। तब से इस त्यौहार को दीपोत्सव या दीपावली के नाम से जाना जाता है और हर वर्ष भारत में इसकी धूम रहती है।

सोहना को दिया जाए तीर्थ नगरी का दर्जा : जजपा नेता नगेन्द्र डागर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): जजपा युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार से ऐतिहासिक व प्राचीन शिव नगरी सोहना को तीर्थ स्थान का दर्जा दिए जाने की मांग की है। उन्होने कहा कि शिव नगरी का इतिहास लाखों वर्ष पुराना है। सरकार को क्षेत्र के लोगों की भावनाओं का सम्मान कर सोहना को तीर्थ नगरी का दर्जा देने की पहल करनी चाहिए। जजपा युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर ने बताया कि सरकार जिस स्थान को तीर्थ नगरी का दर्जा देती है, वहां पर मांस-मदिरा की बिक्री और प्रयोग पर पाबंदी लग जाती है। यदि सोहना को भी तीर्थ स्थान का दर्जा मिला तो यहां भी संभवत: मांस-मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लग जाएगा।

पर्यावरण युक्त-पटाखा मुक्त दीपावली मनाए : नंबरदार मूलचंद लाखुवास



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर डाक्टर भीमराव अंबेडकर मिशन सोसायटी के पूर्व प्रधान नंबरदार मूलचंद लाखुवास और युवा समाजसेवी नंबरदार तेजपाल लाखुवास ने सर्व समाज के लोगों विशेषकर बच्चों से आग्रह किया है कि वह दीवाली पर पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए पौधारोपण जरूर करे और देशी घी के दीए जलाकर तथा ड्राईफ्रूट और मिठाईयों को आदान-प्रदान कर अपनी खुशियों को एक-दूसरे से सांझा करे। उन्होने कहा कि दीवाली पर पटाखों की जगह घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, निजी उद्योगों, शिक्षा संस्थानों में देशी घी के दीए जलाने से जहां पर्यावरण शुद्ध होगा, वही वायु प्रदूषण पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

वायु प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए दीवाली पर जलाए देशी घी के दीयें : सैंकी सिंगला



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना नगरपालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन सुभाष सिंगला और दवा विक्रेता मेडिकल एसोसिएशन से जुड़े समाजसेवी सैंकी सिंगला ने लोगों से आग्रह किया है कि पर्यावरण को शुद्ध रखने तथा प्रदूषण पर रोक के लिए पटाखा मुक्त-पर्यावरण युक्त दीपावली मनाए। दीपावली पर पटाखों की जगह अपने घरों-दुकानों, प्रतिष्ठठानों पर देशी घी के दीपक जलाए। उन्होने पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण से प्राणी के होने वाले नुकसान के बारे में बताया और कहा कि हम सभी को चाहिए कि पटाखा मुक्त-पर्यावरण युक्त दीपावली मनाने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जाए। सोहना नगरपालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन सुभाष सिंगला और दवा विक्रेता मेडिकल एसोसिएशन से जुड़े समाजसेवी सैंकी सिंगला ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति इसे अपनी जिम्मेदारी समझे। उन्होने बताया कि लोगों को पटाखा मुक्त-पर्यावरण युक्त दीवाली मनाने के लिए वह अपने आसपास गांवों और क्षेत्र में जाकर लोगों को जागरूक बनाने का काम कर रहे है।

बाजारों में दीवाली को लेकर खरीददारी शुरू- चाइनीज उत्पादों को नकार रहे ग्राहक

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना मार्किटकमेटी उपचेयरमैन अशोक बंसल और डाक्टर नकुल बंसल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी को बढ़ावा देने वाले आहवान के दृष्टिगत इस बार लोग चाइनीज उत्पादों को खरीदने से दूरी बनाते साफ नजर आ रहे है। उन्होने बताया कि बाजारों में दीवाली को लेकर ग्राहक जमकर खरीददारी कर रहे है। जिससे कारोबारियों के चेहरे खुशी से दमकने लगे है। सबसे ज्यादा भीड़ गिफ्ट आइटमों, होम डेकोरेशन से संबंधित उत्पादों, परिधानों और इलेक्ट्रॉनिक लडिय़ों, कपड़े व मेवा की दुकानों पर मिल रही है। सोहना मार्किटकमेटी उपचेयरमैन अशोक बंसल और डाक्टर नकुल बंसल ने बताया कि ग्राहक दीवाली पर चाइनीज उत्पादों को खरीदने से परहेज बरत रहे है और दीए हो या सजावट करने वाली लडिय़ां, स्वदेशी सामान को ही खरीदने को प्राथमिकता दे रहे है। बाजार में विभिन्न प्रकार की पूजा की थालियों ने भी धूम मचाई हुई है।

बाजार में हर ओर जबरदस्त खरीददारी का दिख रहा रूझान-बार-बार लग रहा जाम

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। शिवनगरी सोहना में त्यौहारी सीजन के चलते लोग महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामानों, स्मार्टफोन और फैशन से जुड़ी चीजों की जमकर खरीददारी कर रहे है। जिस कारण बाजार में बार-बार जाम लग रहा है। लोगों का कहना है कि इस साल अच्छे से दीवाली मनाई जा रही है। ऐसे में लोग महंगे सामानों की जमकर खरीददारी कर रहे है। सरकारी कर्मचारियों को त्यौहार पर मिले बोनस की बदौलत लोग खुलकर खर्चा कर रहे है। बाजार में बड़ी क्षमता वाले फ्रिज, महंगी वाशिग मशीन और 43 इंच या उससे बड़े टेलिविजनों की मांग सबसे ज्यादा देखने को मिल रही है।

इस बार मनाई जाएगी कामधेनु दीपावली-जलाए जाएंगे गोबर से बने दीप : भाजपा नेता हरीश नंदा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष और नगरपार्षद व पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष हरीश नंदा राजू ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय कामधेनु आयोग ने गौरक्षा को बढ़ावा व संरक्षण देने के लिए गौमय दीपक को लोकप्रिय बनाने के लिए कामधेनु दीपावली अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत लोगों को इस बार दीपोत्सव के दौरान गोबर एवं पंचगव्य का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और दीप पर्व पर गोबर से बने दीए, मोमबत्तियां, धूप, अगरबत्तियां, शुभ-लाभ, स्वास्तिक, समरानी, हाड़बॉडर, बालपीस, पेपरवेट, हवन सामग्री, भगवान गणेश एवं लक्ष्मी की प्रतिमाएं भी बिक्री के लिए बाजार में देखने को मिलेगी। भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष और नगरपार्षद व पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष हरीश नंदा राजू ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय कामधेनु आयोग ने इस अभियान को देश भर में चलाने का फैसला लिया है। इसके लिए 11 परिवारों के माध्यम से गोबर से बने 33 करोड़ दीप प्रज्जवलित करने का लक्ष्य रखा गया है और खास बात यह है कि भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली अयोध्या में दीपावली पर 30 लाख दीए प्रज्जवलित किए जाएंगे। इसके अलावा बड़े महानगरों, शहरों, कस्बों, गांवों में भी घर, बाजार और प्रतिष्ठान गोबर निर्मित दीयों से जगमगाते नजर आएंगे। उन्होने बताया कि गोबर से बने उत्पादों के अधिक से अधिक प्रयोग से जहां गौरक्षा को बढ़ावा व संरक्षण मिलेगा, गौशालाएं आत्मनिर्भर बनेगी और गोबर से बने उत्पादों के प्रयोग से हजारों उद्यमियों, किसानों, महिलाओं के लिए व्यापार के अवसर पैदा होंगे। स्वदेशी को बढ़ावा मिलेगा तो चाईना निर्मित दीयों के प्रयोग पर रोक लगने से चीन की आर्थिक रूप से कमर तोडऩे में मदद मिलेगी। इस अभियान को गति देने के लिए राष्ट्रीय कामधेनु आयोग ने हाईटेक तरीके अपनाने का निर्णय लिया है। विभिन्न पक्षों के साथ वेबिनार का आयोजन किया जा रहा है तो गौशालाओं को भी कामधेनु दीपावली उत्पादों के निर्माण के लिए प्रेरित करने हेतू अपने प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय कामधेनु आयोग गौशालाओं में भेज रहा है। भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष और नगरपार्षद व पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष हरीश नंदा राजू ने बताया कि राष्ट्रीय कामधेनु आयोग एक उच्च शक्ति प्राप्त स्थाई निकाय है, जो गौपालन से संबंधित योजनाओं को नीति-निर्माण एवं क्रियान्वयन को उचित दिशा प्रदान करने के लिए काम कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर अभियान को गति देने के लिए स्वदेशी वस्तुओं के निर्माण व उपयोग पर जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को जागरूक बनाने का काम अच्छे से कर रहा है।

दीपावली से पूर्व पंच पर्व की आज से हुई शुरूआत : पंडित भगवतदयाल शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर वार्ड-5 में रहने वाले विद्वान पंडित भगवतदयाल शर्मा ने बताया कि कार्तिक महीने में कृष्ण पक्ष त्रयोदशी यानि आज धनतेरस से दीपावली के पंच पर्व की शुरूआत हो गई है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार समुंद्र मंथन से त्रयोदशी को ही धन्वंतरि अमृत कलश लेकर अवतरित हुए थे। इस वजह से इस दिन बर्तन एवं धातु खरीदने का रिवाज है क्योकि कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को उनका जन्मदिन माना जाता है और माता लक्ष्मी व कुबेर के साथ ही भगवान धन्वंतरि भी पूजे जाते है। ऐसी मान्यता है कि धनतेरस पर बर्तन, चांदी, सोना खरीदने से बरकत होती है और खरीदी गई चीज में 13 गुणा बढ़ोतरी होती है। पंडित भगवतदयाल शर्मा ने बताया कि धनतेरस से प्रतिदिन पंच पर्व भैया दूज तक तक घर के मंदिर और रसोई समेत प्रमुख दरवाजे आदि पर लगातार 5 दिनों तक दीपक जलाने से आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ-साथ स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। इस दिन दीपक का मुंह दक्षिण दिशा की तरफ होना चाहिए। मिटटी का दीपक साफ पानी से धुला होना चाहिए और रूई से बनाई गई 2 लंबी बत्तियां दीपक में एक-दूसरे पर आड़ी करके इस प्रकार रखी होनी चाहिए कि दीपक के बाहर बत्तियों के 4 मुंह दिखे। दीपक में कुछ काले तिलों के साथ तिल का तेल डालना चाहिए और फिर इस दीपक को जलाकर रोली, चावल व फूल से इसकी पूजा करके मुख्य द्वार के बाहर खील या गेहूं की छोटी ढेरी पर इस दीपक को रखना चाहिए। इससे यमराज भी प्रसन्न होते है और अकाल मृत्यु का भय नही रहता है।

इस दीपावली स्वदेशी अपनाए-स्थानीय व्यापारियों और जरूरतमंद परिवारों के जीवन में खुशियों के दीप जलाए : विधायक तेजपाल तंवर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की मंगलकामना की। भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने कहा कि दीपावली केवल घरों को रोशन करने का पर्व नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में आशा, विश्वास और खुशियों का प्रकाश फैलाने का अवसर है। यह पर्व हमें अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और निराशा पर आशा की विजय का संदेश देता है। भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए नागरिकों से इस दीपावली स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने और स्थानीय व्यापारियों से अधिक से अधिक खरीदारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जब हम अपने शहर के बाजारों, मोहल्लों की छोटी दुकानों और सडक़ किनारे बैठे जरूरतमंद कारीगरों से सामान खरीदते हैं, तो हम केवल एक वस्तु नहीं खरीदते, बल्कि किसी परिवार की उम्मीदों, मेहनत और सपनों को भी सहारा देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें खरीदारी करते हुए उन छोटे दुकानदारों, कुम्हारों और मेहनतकश परिवारों को नहीं भूलना चाहिए, जो वर्ष भर दीपावली जैसे त्यौहारों की प्रतीक्षा करते हैं। सडक़ किनारे मिट्टी के दीये, खिलौने, कंदील, सजावटी वस्तुएं और पूजा सामग्री बेचने वाले इन परिवारों के लिए हमारी छोटी-सी खरीदारी भी बड़ी खुशी का कारण बन सकती है। भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने कहा कि इस दीपावली केवल अपने घर का आंगन ही रोशन ना करें, बल्कि किसी गरीब कारीगर के घर भी खुशियों का दीप जलाएं। आपके द्वारा खरीदे गए मिट्टी के कुछ दीये किसी जरूरतमंद परिवार के बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। यही दीपावली की सच्ची भावना और भारतीय संस्कृति की वास्तविक पहचान है। भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने अनावश्यक प्लास्टिक सजावटी उत्पादों के स्थान पर स्वदेशी, हस्तनिर्मित एवं पर्यावरण के अनुकूल वस्तुओं को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मिट्टी के पारंपरिक दीये हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। इन्हें अपनाने से भारतीय परंपराओं का संरक्षण होने के साथ-साथ स्थानीय कुम्हारों और शिल्पकारों को आर्थिक संबल भी मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब प्रत्येक नागरिक स्थानीय उत्पादों को सम्मान देगा और स्वदेशी वस्तुओं को अपने जीवन का हिस्सा बनाएगा। उन्होंने गोवर्धन पूजा और भैया दूज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति संरक्षण, कृतज्ञता और सामूहिक कल्याण का संदेश देती है, जबकि भैया दूज भाई-बहन के पवित्र प्रेम, विश्वास और पारिवारिक संस्कारों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस दीपावली के अवसर पर हमारी खुशियों में समाज का कोई भी जरूरतमंद परिवार पीछे न रह जाए। हम स्वदेशी अपनाएं, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा दें और प्रेम, सद्भाव तथा भाईचारे के साथ त्यौहार मनाएं। जब हर घर में खुशियों का दीप जलेगा, तभी हमारी दीपावली वास्तव में सार्थक होगी।

उपहार व मिठाईयों से मनाए दीवाली : भाजपा नेता योगेश तंवर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने लोगों से दीवाली पर बम-पटाखे ना छोडऩे का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि ये चीजें गंदगी तो फैलाती ही है, साथ में प्रदूषण को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जब राम वापिस आए तो नगरवासियों ने सफाई करके दीप जलाए थे। उन्होने कहा कि रात को लक्ष्मी पूजन के लिए हम खुशबूदार धूपबत्ती जलाकर लक्ष्मी को प्रसन्न करते है। वही आस-पडोस में जहरीला धुआं छोड़ते है, जो पूरे वातावरण को दूषित करता है। ऐसा कदापि ठीक नहीं है। इससे सारा आयोजन उल्टा पड़ सकता है। उन्होंने जनता से दीवाली पर जहरीले पटाखे ना चलाने का आग्रह किया है। भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर का कहना है कि पटाखों से बचाए गए पैसों से मिठाई और वस्त्र आदि खरीद कर अपने आसपास रहने वाले गरीब परिवारों में मिठाई और वस्त्र वितरित की जाए ताकि अत्यंत निर्धन परिवारों के बच्चे भी दीवाली के त्यौहार का आनंद उठाए।

पटाखा मुक्त दीवाली मनाए : चेयरमैन सुभाष बंसल

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



